www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

07 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 318


'छिन गया आशियाना, अब कहां सिर छिपायें'। धनबाद के कतरास में भू-धंसान पर बेघर हुए पीड़ितों का छलका दर्द



# कतरास में भू-धंसान के बाद कोयलांचल में दहशत

- अवैध खनन के खिलाफ ग्रामीणों में बगावत, माफिया को दिया अल्टीमेटम
- तस्कर के खिलाफ गुस्से में ग्रामीण, किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होगा
- भू-धंसान के चलते खुद के लोगों और मवेशियों को मरते नहीं देखा जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/हांथुडीह।** शुक्रवार को कतरास के अंगारपथरा में रामकनाली ओपी क्षेत्र में भू धंसान और पास में मां अंबे माइनिंग प्रा. लि. परियोजना में सर्विस वैन के खाई में गिरने से कई लोगों और मवेशियों की मौत ने कोयलांचल के ग्रामीणों को झकझोर दिया है, उनका कहना है कि अब हम अपने लोगों और मवेशियों को मरते नहीं देख सकते हैं। इसी का नतीजा है कि अब ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं और उन्होंने मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है। धनबाद जिले के महुदा थाना अंतर्गत हांथुडीह पंचायत अब अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मोड़ पर आ पहुंचा है। शुक्रवार देर शाम शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित एक ऐतिहासिक ग्रामसभा में ग्रामीणों ने माफिया राज और भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ एक सुर में हुंकार भरी। उन्होंने एलान कर दिया कि 'यह गांव अब अवैध उत्खनन मुक्त क्षेत्र है।' दुर्गा प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई इस सभा में सैकड़ों ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि गांव की पवित्र भूमि को अब किसी भी कीमत पर अवैध खनन की चपेट में नहीं आने दिया जायेगा। कोई स्थानीय व्यक्ति इसमें शामिल नहीं होगा। किसी बाहरी तस्कर को यहां घुसने नहीं दिया जायेगा। गांव की सामुदायिक संपत्तियों, जंगल, रास्ते, चारागाह, खेल मैदान और जोरिया की सुरक्षा के लिए अब पूरे गांव ने कमर कस ली है।



बताते चलें कि शुक्रवार सुबह कतरास में दो हादसे हुए थे। भूधसान में आधा दर्जन घर जमीनदोज हो गये। कुछ लोग घायल भी हुए। कई मवेशी गोफ में समा गये। वहीं, अंबे आउटसोर्सिंग क्षेत्र में सर्विस वैन 500 फीट खाई में गिर गयी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। इन दो घटनाओं और पूर्व की घटनाओं से चलते कोयलांचल के ग्रामीण दहशत में हैं। खास कर जो खनन वाले क्षेत्र में रहते हैं।

**माफिया को खुली चेतावनी:** सभा में यह स्पष्ट निर्णय लिया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया, तो ग्रामीण मिलकर उसका विरोध करेंगे और इसकी सूचना सीधे कोयला मंत्रालय, राज्य सरकार और जिला प्रशासन को दी जायेगी। साथ ही गांव की सीमा पर चार स्थानों पर चेतावनी साइन बोर्ड लगाये जायेंगे। यह ग्राम अवैध उत्खनन मुक्त क्षेत्र है।

**तस्करों की साजिश नाकाम, ये रहे गांव के सच्चे प्रहरी:** इस ऐतिहासिक सभा में परमेंद्र सिंह, राजीव रंजन सिंह, कुंदन सिंह, अशोक सिंह, माथुर प्रसाद सिंह, यमुना सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, गोपाल सिंह, ध्रुवेश्वर सिंह, ध्रुव सिंह, सहदेव राय, चंदन सिंह, काशी राय, धीरज सिंह, बीरेंद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह, बिनोद राय, पिंटू कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह, दीपक सिंह, महेश सिंह, विशाल कुमार सिंह, धर्मजीत सिंह, राजकिशोर सिंह, सूरज सिंह समेत दर्जनों जागरूक ग्रामीण मौजूद थे, जिन्होंने गांव की अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट होकर बिगुल फूंका। हांथुडीह की यह पहल आने वाले समय में कोयला बेल्ट के अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन सकती है। सवाल अब सिर्फ उत्खनन का नहीं, गांव के स्वाभिमान, जंगल-जमीन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का है। इस बार गांव ने ठान लिया है। अब नहीं झुकेंगे, अब नहीं रुकेंगे।

वहीं मां अंबे आउटसोर्सिंग कार्यालय में मृतक का शव रख कर उनके परिजनों एवं ग्रामीण वासियों ने मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक मुआवजा नहीं मिल जाता हम लोग लाश को लेकर नहीं जायेंगे। प्रबंधक की ओर से अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गयी है।

## युवाओं को बरगलाने की कोशिश विफल

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व कुछ कोयला तस्करों ने मोटी रकम का लालच देकर स्थानीय युवाओं को अवैध कार्य में झोंकने की कोशिश की थी, लेकिन सजग ग्रामीणों ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों के अनुसार, कुछ तस्करों को रंगे हाथों पकड़ कर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई भी की। यह कदम माफिया के खिलाफ सीधी चुनौती और एक बड़ा संदेश है।

## गांव की आवाज बनी बगावत की मिसाल

यह आंदोलन सिर्फ कोयला तस्करों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सड़े-गले तंत्र के खिलाफ भी है, जो वर्षों से इस अवैध धंधे को संरक्षण देता आया है। गांव के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए इसकी सराहना की है। लेकिन खतरा अब भी बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक तस्कर अब गांव के कुछ युवाओं को 5 लाख रुपये का लालच देकर आंदोलन को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री का घाटशिला में स्वागत

# संघर्ष और संगठन की ताकत ही जीत का मार्ग प्रशस्त करती है : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर/घाटशिला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहरागोड़ा से रांची लौटने के दौरान घाटशिला में नेता व कार्यकताओं से मुलाकात की। शुक्रवार को घाटशिला में स्व.रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चन्द्र सोरेन और झामुमो युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता व आम लोगो ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर झामुमो कार्यकताओं के काफी उत्साह देखने को मिला। सैकड़ो कार्यकताओं ने गर्मजोशी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने भी आत्मीयता से कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए झारखंडी अस्मिता और एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यकताओं की उपस्थिति ने उपचुनाव को लेकर जनता और संगठन दोनों के हौसले को और बुलंद कर दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा संघर्ष और संगठन की ताकत ही जीत का मार्ग प्रशस्त करती है। मौके पर स्व.रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चन्द्र सोरेन और झामुमो युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन ने कहा घाटशिला का यह दृश्य केवल स्वागत के प्रतीक नहीं बल्कि आने वाले दिनों की राजनीतिक दिशा और जनसमर्थन की गूंज का स्पष्ट प्रमाण है।घाटशिला में मुख्यमंत्री का रुकना केवल एक संयोग नहीं बल्कि कार्यकताओं के जोश और समर्पण की जीत है। उन्होंने झामुमो कार्यकताओं को एकजुट होकर विकास की दिशा में अग्रसर होने की अपील की। ताकि ग्रामीण जनता के विश्वास और समर्थन से विकास की राह पर सरकारी योजनाओं का लाभ एक एक गांव के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचा सके।

# हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा : ट्रंप

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, उनके विचारों की सराहना करता हूं





आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के खिलाफ दिये गये अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गये। उन्होंने व्हाइट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा कि मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं। इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। उधर, शनिवार सुबह 9:45 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के बयान को शेयर करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं। उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है।

## मुंबई में 1.80 लाख गणेश जी की मूर्तियों का हुआ विसर्जन

नयी दिल्ली/मुंबई। देशभर में गणेश उत्सव का शनिवार को अंतिम दिन था। अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मुंबई में करीब 1.80 लाख से ज्यादा मूर्तियां विसर्जित की गयीं। इनमें 65000 गणेश पंडाल और 1.75 लाख घरेलू मूर्तियां हैं।
















आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# 'छिन गया आशियाना, अब कहां सिर छिपायें'

## धनबाद के कतरास में भू-धंसान पर बेघर हुए पीड़ितों का छलका दर्द







सुनील भंडारी/जितेंद्र पांडेय

**कतरास/धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के केशलपुर मुंडा पट्टी में हुए भू-धंसान ने स्थानीय लोगों की जिंदगी तबाह कर दी है। जिन लोगों ने अपने घरों को मेहनत से बनाया था, आज वे बेघर हो गये हैं। अपनी आंखों के सामने सबकुछ खत्म होते देखने के बाद उनकी जुबान से निकले शब्द सिर्फ दर्द ही बयां करते हैं। ग्रामीण सुनील यादव ने बताया कि मेरा सब कुछ खत्म हो गया। जमीन धंसने से मेरे दो मवेशी, जेवर और घर का सारा सामान अंदर चला गया है। बड़ी मुश्किल से पैसे जमा करके जेवर खरीदे थे, आज सब बर्बाद हो गया। अब कैसे गुजारा करेंगे, कुछ समझ नहीं आ रहा। अब हम अपने बच्चों का पालन-पोषण कैसे करेंगे? जिस घर से हमारा गुजारा चल रहा था, वह अब नहीं रहा। दुर्गा पूजा नजदीक है और हमारी छत ही छिन गयी। पूरा परिवार आज दूसरे के घर में शरण लिए हुए है। कहां सिर छिपाएं, यह समझ नहीं आ रहा।

ग्रामीण नागेश्वर यादव ने बताया कि मेरी दो गाय और उनके बच्चे के साथ-साथ कई जरूरी सामान भी गोफ में समा गये हैं। यह हादसा लगातार हो रहे अवैध उत्खनन की वजह से हुआ है। हम प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। सुबह लगभग 11 बजे जोर से ब्लास्टिंग हुई थी, जिसके बाद यह हादसा हुआ। मेरे घर का सारा सामान, बर्तन और अन्य जरूरी चीजें भी उस गोफ में चली गयी हैं। हमने सब कुछ खो दिया है।

# खदान हादसा में एनडीआरएफ ने तेज किया रेस्क्यू ऑपरेशन, 6 शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/धनबाद।** बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र अंतर्गत एकेडब्ल्यसूएमसी यानी अंगारपथरा केशलपुर वेसट मोदीडीह कोलियारी में शुक्रवार को हुए हादसे के बाद एनडीआरएफ ने शनिवार सुबह बड़े पैमाने पर रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। इसी आपरेशन के दौरान शनिवार सुबह 11:50 बजे एनडीआरएफ की टीम को बड़ी सफलता मिली, जब उन्होंने गहरे पानी से वैन के ड्राइवर ग्यासुद्दीन का शव बरामद कर लिया। परियोजना में आउटसोर्सिंग पैच पर कार्यरत अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की एक गाड़ी खदान के गहरे पानी में जा गिरी। इसके बाद से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। हादसे में शनिवार देर शाम तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एनडीआरएफ की टीम ने 6 लोगों का शव निकाला है। उधर, हादसे के बाद शनिवार सुबह करीब 9 बजे रांची से पहुंची एनडीआरएफ की बटालियन ने रेस्क्यू अभियान की कमान संभाली। टीम का नेतृत्व कौशल कुमार कर रहे हैं, जबकि एनडीआरएफ कमांडेंट सुनील कुमार सिंह खुद ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एनडीआरएफ कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने आजाद सिपाही को बताया कि पानी में गाड़ी का एक हिस्सा स्पष्ट दिखायी दे रहा है। साथ ही कुछ ऑब्जेक्ट भी नजर आये हैं, जिन्हें टीम संभावित शव मानकर रेस्क्यू कर रही है।



### बाघमारा सीओ और कतरास थाना प्रभारी कर रहे कैंप

घटना को लेकर लोगों में बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। सीओ बाघमारा गिरिजानंद किस्कू और कतरास थाना प्रभारी असित कुमार लगातार घटनास्थल का मुआयना कर रहें हैं। घटना के बाद सांसद ढुल्लू महतो मौके पर पहुंचे थे, बीजेपी सांसद ने 6 लोगों की मौत की बात कही है और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं, यूनियन नेताओं का कहना है कि खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के नियमों का उल्लंघन कर कोयले का उत्खनन किया जा रहा है, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। अगर इस हादसे से सबक नहीं लेते हैं तो आगे भी ऐसी घटना देखने को मिलेगी। वहीं, इस मामले में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी की इसमें बड़ी लापरवाही है। मजदूरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है, मैंने कई बार पत्र के माध्यम से भी इस बात को कहा है। अगर इस पर जल्द उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो कोई भी हादसा घटित हो सकता है। इस घटना से बहुत आहत हूं।

### एनडीआरएफ की टीम में शामिल हैं 30 लोग

एनडीआरएफ की लगभग 30 सदस्यीय टीम अभियान में जुटी है। टीम के प्रशिक्षित डीप ड्राइवर खदान के गहरे पानी में उतरकर तलाशी अभियान चला रहे हैं। इधर, बीसीसीएल की धनसार माइंस रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन पानी में उतरने की तकनीकी क्षमता नहीं होने के कारण वे आपरेशन में सहयोगी भूमिका निभा रहे हैं। कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने बताया कि खदान करीब 300 फीट गहरी है जिसमें उतरकर बेहतर ढंग से रेस्क्यू को अंजाम देने के लिए एनडीआरएफ की टीम पारंगत है। टीम लगातार तलाशी में जुटी हुई है और स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय स्तर पर भी खलबली मची है और परियोजना क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग घटनाक्रम पर नजर बनाये हुए हैं। हादसे को लेकर धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा है कि मामले पर पूरी नजर बनाये हुए हैं।

### तीन शवों की पहले ही हो चुकी है पहचान

इस हादसे के बाद पुलिस ने पहले ही तीन शवों को बरामद करने का दावा किया था। अंगारपथरा ओपी प्रभारी के अनुसार, जिन शवों की पहचान हुई थी, उनमें अमन कुमार, स्वरूप गोप और अमित भगत शामिल थे। इन सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। हादसे वाली सर्विस वैन को पहले ही पेलोडर मशीन और मुनीडीह से आये गोताखोरों की मदद से बाहर निकाल लिया गया था। हालांकि, उस समय ड्राइवर का शव नहीं मिल पाया था। इधर, घटना को लेकर बीसीसीएल के अधिकारी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहें हैं। हालांकि रेस्क्यू खत्म होने के बाद बीसीसीएल के द्वारा एक टीम गठित करने की बात कही जा रही है। गठित टीम घटना की जांच करेगी। घटना के बाद भी इस जगह पर लगातार लैंड स्लाइडिंग हो रही है। जिसके चलते लोगों को वहां जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। मौके पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की टीम तैनात है।

# अभी से दिलचस्प दिख रहा घाटशिला उपचुनाव

- हालात बता रहे यहां सामान्य चुनाव की तरह होगा मुकाबला
- दावेदारों का क्षेत्र में शुरू हो गया है भ्रमण

अरुण सिंह

आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान झारखंड के घाटशिला विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना तय है। यह सीट राज्य के शिक्षा एवं निबंधन मंत्री रहे रामदास सोरेन के निधन के कारण खाली हुई है। प्रायः माना जाता है कि किसी नेता के निधन से रिक्त हुई सीट पर उस परिवार के किसी सदस्य को यदि चुनावी मैदान में पार्टी उतारती है, तो उसे मतदाताओं की सहानुभूति का लाभ मिलता है। इसलिए इस सीट पर स्व. रामदास सोरेन के बड़े पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन चुनाव लड़ेंगे, यह तय है। बस, झामुमो नेतृत्व द्वारा औपचारिक घोषणा करना बाकी है। वहीं, मुख्य प्रतिद्वंदी दल भाजपा के टिकट पर बाबूलाल सोरेन चुनावीरण में एक बार फिर दिखायी पड़ेंगे, इसकी संभावना ज्यादा है। वर्ष 2024 में बाबूलाल सोरेन को हराकर स्व. रामदास सोरेन तीसरी दफा विधायक बने थे। घाटशिला सीट पर होने वाले इस उपचुनाव में दिवंगत रामदास सोरेन के बेटे को पार्टी के जनाधार के साथ-साथ सहानुभूति का लाभ हासिल होना अवश्यसंभावी है। उधर, अगर भाजपा बाबूलाल सोरेन पर दांव खेलेगी, तो पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अपने बेटे को जीताने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। चर्चा है कि अगर ऐसा हुआ तो यह कहने के लिए उपचुनाव होगा। यह एक आम चुनाव की तरह दिलचस्प बन जायेगा। फिलहाल झाममो और भाजपा ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।





**झामुमो में इकलौता, भाजपा में कई दावेदार :** रामदास सोरेन के असामयिक निधन से रिक्त घाटशिला सीट पर झामुमो से एकमात्र सोमेश सोरेन का नाम सामने आया है। कोई अन्य नेता अपनी दावेदारी ठोकता नजर नहीं आ रहा। सच तो यह है कि सोमेश के नाम पर विधानसभा क्षेत्र के तमाम झामुमो नेता-कार्यकर्ता सहमत दिख रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा में बाबूलाल सोरेन (2024 के प्रत्याशी), लखन मार्डी (2019 के प्रत्याशी), डॉ सुनीता देवदूत सोरेन (2019 में झाविमो की प्रत्याशी) का नाम उभरकर सामने आ रहा है।

**कांग्रेस के एक धड़ा का अंदरूनी सुर:** घाटशिला से इस उपचुनाव में कांग्रेस अपना दावा ठोकेगी, इसकी संभावना तनिक भी नहीं है। हालांकि पार्टी के कुछ स्थानीय नेता-कार्यकर्ताओं का तर्क है कि प्रदीप कुमार बलमुचू यहां से लगातार तीन दफा चुनाव जीते हैं। पार्टी के कुछ लोगों का तर्क है कि रामदास सोरेन ने अपने बल पर यह सीट कांग्रेस को पराजित करके झामुमो की झोली में वर्ष 2009 में पहली बार डाला था। ऐसे कंग्रेसी तर्क दें रहे कि अब जबकि रामदास सोरेन नहीं रहे, तो गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को वापस मिल जाना चाहिए। यह अलग बात है कि इसकी कोई संभावना दूर-दूर तक नहीं है।

### स्व. सोरेन के गढ़ को भेदना आसान नहीं

झामुमो की तरफ से रामदास सोरेन वह पहला चेहरा साबित हुए, जिन्होंने कांग्रेस का गढ़ बन चुके घाटशिला सीट से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू को पराजित करके तीर-धनुष को स्थापित किया था। स्व. रामदास सोरेन कितने कर्मठ और मेहनती थे, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2005 में पहली बार इस क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़कर लगभग 35 हजार वोट हासिल करके चुनावी राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों को चौंका दिया था। उसके अगले चुनाव यानी 2009 में झारखंड में कांग्रेस एवं झामुमो का गठबंधन टूटा और रामदास ने बलमुचू को पटखनी दे दिया। तब सोरेन को 38,283 वोट मिले और उन्होंने 1192 वोटों से जीत हासिल कर विधानसभा का चौखट लांघ ली। 2014 के चुनाव में स्व. रामदास सोरेन को भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण टुडू के सामने भले ही हार मिली थी, लेकिन सच तो यह भी है कि तब तक वे घाटशिला के चुनावी राजनीति एक बड़ा चेहरा बन चुके थे। चुनाव में पराजय के बावजूद घाटशिला से न उनका पांव डगमगाया और ना ही झामुमो समर्थकों का मनोबल गिरा। राजनीति में रूचि रखने वाले तमाम लोग स्वीकारते हैं कि भाजपा से जीत भले ही लक्ष्मण टुडू को मिली हो, किंतु सही मायने में उन्हें विजयी बनाने में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। फिर आया 2019 और 2024 का विधानसभा चुनाव। स्व. रामदास सोरेन ने 2019 में भाजपा प्रत्याशी लखन मार्डी भाजपा के लखन मार्डी और 2024 में बाबूलाल सोरेन को हरा दिया। उपरोक्त दोनों चुनाव में रामदास को क्रमशः 63 हजार 531 और 98 हजार 356 मत मिले थे।

### हेमंत-चंपाई का चुनावी रणक्षेत्र बनेगा घाटशिला सीट!

बहरहाल, घाटशिला में उपचुनाव होना तय है। अभी तक चुनाव आयोग ने तारीख की घोषणा नहीं की है। उम्मीदवारों के नाम की भी घोषणा नहीं हुई है। हालांकि भावी प्रत्याशियों ने गांव-मोहल्ले में भागदौड़ शुरू कर दी है। लोग अभी से चर्चा करने लगे हैं कि रामदास सोरेन का किला बरकरार रखने के लिए मुख्यमंत्री सह पार्टी प्रमुख हेमंत सोरेन और पार्टी की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना सोरेन कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगी। इसी तरह, भाजपा अगर बाबूलाल सोरेन एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतारते हैं तो चंपई सोरेन झामुमो का किला ढहाकर अपने बेटे को विधायक के रूप में देखने के लिए जमीन-आसमान एक कर देंगे। झामुमो को ध्यान देना होगा कि इस उपचुनाव में जमीनी नेता रामदास सोरेन नहीं हैं। भाजपा नेता-कार्यकर्ताओं को पिछले चुनाव में मिले वोटों को बढ़ाने की जुगत में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**पहली बार भाजपा ने 2014 में जीत हासिल की:** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 2014 में 57 साल बाद पहली बार जीत का स्वाद चखने का मौका मिला था। पार्टी प्रत्याशी लक्ष्मण टुडू ने पार्टी को जीत दिलायी थी। वह घाटशिला के 16 वें विधायक बने थे। उन्हें 50 हजार से अधिक वोट मिले थे। वहीं, 2019 में लखन मार्डी भाजपा के वोटों में इजाफा करते हुए आंकड़े को 56 हजार के पार पंहुचाने सफल रहे थे, किंतु उन्हें तब दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। पिछले चुनाव में कोल्हान के प्रभावी माने जाने वाले नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को भाजपा ने टिकट दिया था। बाबूलाल भले ही 22 हजार से अधिक अंतर से चुनाव हार गये, किंतु पार्टी को रिकॉर्ड वोट दिलवाया। इन्होंने इन्हें 75 हजार 910 वोट प्राप्त हुए थे। इसलिए उपचुनाव में बाबूलाल को पार्टी फिर मौका देगी, इसकी चर्चा तेज है।

### घाटशिला सीट से अब तक के विधायक

1. 1952 - मुकुंद राम तांती (झारखंड पार्टी)
2. 1957 - श्याम चरण मुर्मू (झारखंड पार्टी)
3. 1962 - बास्ता सोरेन (सीपीआइ)
4. 1967 - दशरथ मुर्मू (कांग्रेस)
5. 1969 - यदुनाथ बास्के (झारखंड पार्टी)
6. 1972 - टीकाराम माझी (सीपीआइ)
7. 1977 - टीकाराम माझी (सीपीआइ)
8. 1980 - टीकाराम माझी (सीपीआइ)
9. 1985 - कारण चंद्र मार्डी (कांग्रेस)
10. 1990 - सूर्य सिंह बेसरा (आजसू)
11. 1991 - टीकाराम माझी (सीपीआइ)
12. 1995 - प्रदीप बलमुचू (कांग्रेस)
13. 2000 - प्रदीप बलमुचू (कांग्रेस)
14. 2005 - प्रदीप बलमुचू (कांग्रेस)
15. 2009 - रामदास सोरेन (झामुमो)
16. 2014 - लक्ष्मण टुडू (भाजपा)
17. 2019 - रामदास सोरेन (झामुमो)
18. 2024 - रामदास सोरेन (झामुमो)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.8 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.02 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.32 बजे | |



### जीएसटी कटौती पर बाबूलाल मरांडी ने पीएम को दिया धन्यवाद

# हस्त निर्मित सामान और कुटीर उद्योग को बढ़ावा दे राज्य सरकार : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग में प्रेस वार्ता की। इस प्रेस वार्ता के माध्यम से उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कम करने पर प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया है। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी कम करने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के हर एक व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बचत की भावना भी बढ़ेगी। पैसों की बचत होने से लोगों में क्रय शक्ति बढ़ेगी। इस कारण यह अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ साबित होने जा रहा है।

हजारीबाग में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। तीसरे कार्यकाल को देखा जाये तो सबसे पहले इन्होंने टैक्स में बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक के कमाई को टैक्स से मुक्त रखा। दीपावली के पहले वादा पूरा करते हुए बड़ी सौगात दी है।




जीएसटी में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। जिससे समाज की हर एक तबके को जीएसटी कटौती से लाभ मिलेगा। दीपावली के पूर्व दशहरा में ही देशवासियों को तोहफा मिला है। किसी ने सोचा नहीं था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को बड़ा तोहफा देंगे। अब आम जनता अपनी आवश्यकता पूरा कर सकेगा।

हजारीबाग से बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार को नसीहत देते हुए कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लघु उद्योग को बड़ी राहत दी है। झारखंड सरकार भी हस्त निर्मित सामान और कुटीर उद्योग को बढ़ावा दे। जिससे रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक रूप से लोग संपन्न होंगे। इन्होंने कहा की राज्य सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

सूर्य हांसदा प्रकरण पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक-दो दिन के अंदर सभी को पता चल जायेगा। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। महिलाओं को जिंदा जला दिया जाता है। उनके 56 टुकड़े कर दिये जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में अपराधी बेखौफ हैं।

प्रेस-वार्ता में मुख्य रूप से विवेकानंद सिंह, मनोज कुमार यादव, अमरदीप यादव, सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, रेणुका साहू,आनंद देव, रमेश ठाकुर, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, मनोज गिरी, कुंवर मनोज सिंह, राजकरण पांडेय, मनोरमा राणा, महेंद्र राम बिहारी, इंद्र नारायण कुशवाहा, अजीत चंद्रवंशी, दिनेश सिंह राठौर, विशाल वाल्मीकि, मनमीत अकेला, अजय साहू, विनोद झुनझुनवाला, रंजन चौधरी, निशिकांत कुमार, किशोर कुमार राणा, खोखा सिंह, जीतन राम, जीवन मेहता, नंदलाल मेहता, बद्री मेहता, दीपक मेहता, शेफाली गुप्ता, सत्यभामा शर्मा, रानी शुक्ला, चंदन सिंह, रिंकी विश्वकर्मा, मीरा मेहता, बिजुल देवी, रतना सिन्हा, अपराजिता तिवारी, उमा पाठक, प्रकाश कुशवाहा, शिवपाल यादव, अनूप, कृष्णा मेहता के अलावे अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीएसटी से हो रहे नुकसान की भरपाई करे केंद्र : वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार से जीएसटी से होनेवाले नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। शनिवार को जमशेदपुर के परिसदन भवन में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने जीएसटी के मौजूदा ढांचे को झारखंड के लिए नुकसानदायक बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल की ओर से हाल ही में लिये गये फैसलों का स्वागत है, लेकिन इसका लाभ झारखंड के गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है। राज्य को मौजूदा जीएसटी व्यवस्था से हर साल करीब 2000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जिसकी भरपाई के लिए केंद्र सरकार



को विशेष राहत पैकेज देना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड में स्टील और कोयले का भारी उत्पादन होता है, लेकिन इसकी खपत अन्य राज्यों में होती है। इससे उन राज्यों को फायदा मिलता है, जबकि झारखंड को नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने इस व्यवस्था को असंतुलित बताते हुए इसमें सुधार की मांग की।

राधा कृष्ण किशोर ने दूध, पनीर और पराठा पर जीएसटी समाप्त किये जाने का स्वागत किया, लेकिन कहा कि झारखंड के गरीब तो मडुआ और मकई पर अपना जीवन यापन करते हैं, जिन पर कोई राहत नहीं दी गयी है। उन्होंने दोहराया कि झारखंड सरकार की प्राथमिकता है कि सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अपील किया कि जीएसटी परिषद के ताजा फैसले से राज्य को होने वाले लगभग 2000 करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई के लिए विशेष वित्तीय पैकेज की घोषणा हो।

# जेएलकेएम ने गुमला से पूर्व प्रत्याशी निशा भगत को पार्टी से निष्कासित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएलकेएम पार्टी ने गुमला से पूर्व प्रत्याशी निशा भगत को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने पत्र जारी कर सूचना दी है। पत्र में कहा गया है कि यह कदम उनके द्वारा कुड़मी समुदाय के खिलाफ दी गयी



भ्रामक व अनुचित बयानबाजी को लेकर उठाया गया। पार्टी ने कहा कि निशा भगत के द्वारा दिया गया बयान पार्टी के सिद्धांतों के अनुशासन के खिलाफ है इससे पार्टी की छवि खराब होती है और पार्टी को नुकसान पहुंचता है। बता दें कि निशा भगत गुमला विधानसभा सीट से जेएलकेएम पार्टी से चुनाव लड़ी थीं, और पार्टी की एक सक्रिय चेहरा मानी जाती रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# यूरिया मामले में केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने से पहले अपने गिरेबान में झांके राज्य सरकार : आदित्य साहू

### राज्य के मंत्रियों को विभागीय काम से ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी की चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य में यूरिया खाद की कमी पर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। साहू ने कहा राज्य सरकार के मंत्रीगण को अपने विभागीय कार्यों से ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी में रुचि है। उन्होंने कहा कि यूरिया की भरपूर आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार कृत संकल्पित है लेकिन राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से भागती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ संकल्प ही है कि कांग्रेस के जमाने में यूरिया खाद को लेकर चलने वाले लाठी डंडे, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन अब बंद हो गये। आज नीम कोटेड यूरिया के कारण ही यूरिया का उपयोग केवल कृषि कार्य में ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड का



सिंदरी खाद कारखाना को फिर से शुरू किया जा रहा है। देवघर में लिक्विड यूरिया प्लांट की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान को सुविधा संपन्न बनाने, विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों के लिए यूरिया की आवश्यकता पर राज्य सरकार ने कोई पूर्वाभ्यास नहीं किया। समय पर जिस तरह केंद्र सरकार को सूचित किये जाने की जरूरत थी उसका अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश के कारण देश भर में यूरिया की मांग बढ़ी है। जिसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार आपूर्ति और उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रही लेकिन राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से बचना चाहती है। मांग बढ़ने के बाद कालाबाजारी और ज्यादा कीमत होने की संभावना बढ़ जाती है। जिसपर नियंत्रण और कार्रवाई की जिम्मेवारी राज्य सरकार की होती है। राज्य के मंत्री को बताना चाहिए कि उन्होंने कितने पैक्स दुकान पर औचक निरीक्षण किये और कितने पर कार्रवाई की गयी।

# चैंबर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

### 21 सितंबर को होगा मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पदों के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया रविवार से शुरू हो रही है। नामांकन 7 और 8 सितंबर को चैंबर कार्यालय में सुबह 11 बजे से कार्यालय अवधि तक जमा लिया जायेगा। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 8 सितंबर की शाम 4 बजे तक निर्धारित की गयी है। समस्त नामांकनों की स्क्रूटनी 8 सितंबर को शाम 4 बजे के बाद से होगी। नामांकन शुल्क पांच हजार रुपये और 18 प्रतिशत जीएसटी (अतिरिक्त) के साथ देय होगा। चुनाव पदाधिकारी एवं चैंबर के पूर्व अध्यक्ष विकास सिंह और पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि केवल वे डायरेक्ट सदस्य, जिन्होंने चैंबर की सदस्यता के लिये न्यूनतम एक वर्ष पूर्ण कर लिया है, चुनाव में उम्मीदवार बन सकते हैं। प्रत्याशी को अपने नामांकन के साथ वैध डायरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर (डिन नंबर), डीआइआर-2 तथा डीआइआर-8 फॉर्म संलग्न करना अनिवार्य है। बिना वैध डीन नंबर एवं सदस्यता शुल्क बकाया रहने की स्थिति में नामांकन स्वतः निरस्त हो जायेगा। प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र पर प्रपोजर-सेकेंडरी भी वही सदस्य करेंगे जिन्होंने चैंबर की सदस्यता एक वर्ष पूर्ण कर ली हो और उनका सदस्यता शुल्क बकाया न हो। विदित हो कि सत्र 2025-26 के लिए कुल 21 कार्यकारिणी समिति सदस्य और 6 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को किया जायेगा।

# सीसीएल की आम्रपाली और बिरसा परियोजनाओं को मिला 5-स्टार अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की प्रतिष्ठित आम्रपाली ओपनकास्ट परियोजना (ओसीपी) और बिरसा ओपनकास्ट परियोजना को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में 5-स्टार अचीवर्स अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान ओपनकास्ट माइंस श्रेणी में उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण और सतत खनन प्रथाओं में किये गये उत्कृष्ट योगदान की आधिकारिक पहचान है।

सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी और संबंधित क्षेत्रों के महाप्रबंधकों के साथ मिलकर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य




मंत्री (कोयला एवं खान) सतीश चंद्र दुबे, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव (कोयला) श्रीमती रुपिंदर बरार एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

आपको बता दें कि सीसीएल न केवल राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी पूरी निष्ठा से निभा रही है। आम्रपाली और बिरसा परियोजनाओं की यह सफलता सीसीएल के कर्मठ अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कंपनी उत्पादन और दक्षता के साथ-साथ सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास को और भी सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल निरंतर नये मापदंड स्थापित करते हुए देश को ऊर्जा प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से एक जिम्मेदार खनन कंपनी के रूप में सीसीएल की पहचान को और मजबूत करती है।

# जीएसटी में बदलाव से अर्थव्यवस्था में आयेगी नयी ऊर्जा : अश्विनी वैष्णव

### आत्मनिर्भर भारत और आर्थिक वृद्धि की दिशा में जीएसटी सुधार एक नया अध्याय है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्तीय मोर्चे पर एक बड़े कदम के तहत केंद्र सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में व्यापक सुधार कर आम और खास, विशेषकर मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिये गये इस फैसले से न केवल रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। वैष्णव ने बताया कि पहले इनकम टैक्स में सुधार कर 12 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गयी थी। अब जीएसटी दरों में कमी और सरलीकरण कर मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा फायदा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान जैसी बुनियादी वस्तुओं से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर, मोबाइल, पावर बैंक और सोलर पैनल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों तक, लगभग हर घर में इस्तेमाल होने वाली चीजों पर टैक्स का बोझ घटा है।



उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी करीब 330 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें 202 लाख करोड़ का हिस्सा खपत का है। यदि जीएसटी राहत से खपत 10% भी बढ़ती है तो 20 लाख करोड़ की अतिरिक्त जीडीपी उत्पन्न होगी। उत्पादन बढ़ने से रोजगार में वृद्धि होगी और निवेश को भी बल मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में बचत बढ़ेगी। यह बचत या तो सेविंग में जायेगी, या लोग अधिक सामान खरीदेंगे, या फिर निवेश करेंगे।

इन तीनों गतिविधियों से अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा और पॉजिटिव साइकिल शुरू होगी।

ग्रामीण और साधारण उपभोक्ताओं तक इस संदेश को पहुंचाने के लिए पार्टी व सरकार चौपालों, जनसभाओं और मीडिया के जरिए व्यापक अभियान चलायेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष रूप से बात करते हुए वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इस सेक्टर का उत्पादन 6 गुना और निर्यात 8 गुना बढ़ा है। आज 25 लाख लोग इसमें रोजगार पा रहे हैं और मोबाइल फोन से लेकर बैटरी और चिप तक का उत्पादन देश में हो रहा है। सेमीकंडक्टर और एपीआइ (फार्मा) मैन्युफैक्चरिंग भी भारत में शुरू हो चुकी है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी उद्योग संघों ने वादा किया है कि जीएसटी रियायतों का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। वित्त मंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि यदि कंपनियां लाभ ट्रांसफर नहीं करेंगी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

वैष्णव ने कहा कि यह सुधार केवल टैक्स स्ट्रक्चर को सरल बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर भारत और आर्थिक वृद्धि की दिशा में एक नया अध्याय है।

### धरती आबा जनजातीय फिल्म महोत्सव

# पहली बार झारखंड में होगा आयोजन हेमंत सोरेन सरकार करेगी मेजबानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी हित में झारखंड एक बड़े आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। यहां अगले माह यानी अक्टूबर में राज्य का पहला धरती आबा जनजातीय फिल्म महोत्सव होने जा रहा है। जिसमें सिनेमा के जरिए आदिवासी, जीवन, परंपराओं और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिये आदिवासी समुदायों की कहानियां एक प्लेटफॉर्म पर दिखायी जायेंगी। देश के अलग-अलग क्षेत्रों की आदिवासी जीवन शैली, कथाओं और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित करने के लिए फिल्में आमंत्रित की जा रहीं हैं।

स्थानीय भाषाओं में फिल्म बनाने वाले अनिल सिकदार ने बताया कि इस महोत्सव को लेकर युवाओं में खासा रुझान दिख रहा है। आदिवासी जीवन शैली और उनसे जुड़ी कहानियों पर फोकस करते हुए फिल्म




तैयार किये जा रहे हैं। दूसरे आदिवासी बहुल राज्यों के फिल्म मेकर भी इस महोत्सव का गवाह बनने के लिए बेकरार हैं। बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन हो रहा है। खास बात है कि 31 दिसंबर 2020 के बाद बनायी गयी फिल्म को ही प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा।

**रजिस्ट्रेशन शुरू, इंट्री की अंतिम तारीख 10 सितंबर :** जनजातीय कल्याण शोध संस्थान ने क्रिएशन को शेयर करने के लिए रजिस्ट्रेशन ओपन कर दिया है जिसका लास्ट डेट 10 सितंबर है। फिल्म को प्रेजेंट करने के लिए 06 कैटेगरी में बांटा गया है। इनमें फीचर फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिक्शन, शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री, एनिमेशन और न्यू मीडिया/मोबाइल शामिल है। इसके जरिए सार्थक संवाद होगा और अनसुनी बातें सामने आयेंगी।

**फिल्म महोत्सव के थीम को कुल 07 कैटेगरी में बांटा गया :** धरती आबा जनजातीय फिल्म महोत्सव के थीम को कुल 07 कैटेगरी में बांटा गया है। इनमें पहचान और प्रतिरोध, ज्ञान प्रणाली और आदिवासी दर्शन, स्वदेशी ज्ञान, सामुदायिक परिवर्तन, आदिवासी समुदाय के सशक्तिकरण की कहानियां, बायोपिक, स्लाइस ऑफ ट्राइबल लाइफ से सब्जेक्ट पर फोकस किया जायेगा।

इसका आयोजन डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान की ओर से सरकार की जनजातीय गौरव वर्ष पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस पहल से फिल्म निर्माताओं, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों को जनजातीय कहानियों को रचनात्मक रुप से पर्दे पर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण मंच मिलने की संभावना है।

इस महोत्सव में विश्वविद्यालय और कॉलेज के शिक्षकों, पीएचडी और एमफिल शोधकर्ताओं और स्नातकोत्तर छात्रों की भागीदारी का स्वागत है। प्रतिभागियों को अकादमिक मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में बनायी गयी फिल्में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## नहाने गये बच्चे की नदी में डूबने से मौत

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवसागर स्थित आइटीआइ कॉलेज के पीछे कुपाय नदी में शुक्रवार देर शाम दोस्तों के साथ नहाने गये 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गयी है। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के ही सहीद चौक निवासी मो. जुनैद, पिता – मो. जावेद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जुनैद डोमचांच में चल रहे फुटबॉल मैच देखकर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ साईकल पर सवार होकर शिवसागर स्थित उक्त नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह उक्त नदी के गहरे पानी में डूब गया। जब जुनैद पानी से बाहर नहीं आया तो उसके साथ नहाने गये हुए उसके बाकी के दोनों साथी ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब जुनैद का कुछ पता नहीं चला तो वे रोने लगे। उसी वक्त वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों के रोने की आवाज सुनी और उसके पास गये। उन्होंने जब उनसे रोने की वजह पूछी तो बच्चों ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा जुनैद के घर वालों और डोमचांच पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन तुरंत वहां पहुंचे और बच्चे की तलाश करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे की खोजबीन में जुट गयी। काफी मशक्कत के बाद रात के करीब 12 बजे बच्चे का शव बरामद हो सका। बताते चलें कि जुनैद गांव स्थित मिडिल स्कूल के क्लास आठवीं में पढ़ाई करता था। वह दो भाई था, जिसमें यह छोटा था। इधर जुनैद की मौत के बाद से उसके घर में मातम पसरा हुआ है।

## बुढ़िया माता फुटबॉल टूर्नामेंट की चैंपियन बनी पुरनी पेटो बी टीम



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण के पास फुटबॉल मैदान में पेटो मुखिया के सौजन्य से बुढ़िया माता फुटबॉल टूर्नामेंट पेटो केरेडारी का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मुखिया कौशल्या देवी ने मौजूद रही, बताया गया की फाइनल मुकाबला में पुरनी पेटो बी टीम बनाम चट्टी पेटो टीम के बीच बेहतरीन खेल खेली गयी, दोनों टीमों ने जीत के संघर्ष करती दिखी। खेल के दौरान किसी ने भी कोई गोल नहीं मार सके, बराबरी में रही। अंतत: नियम अनुसार पेनाल्टी शूट में पुरनी पेटो बी टीम ने 2–0 से मुकाबला को जीत लिया। और प्रथम पुरुस्कार अपने नाम किया। मौके पर मुखिया कौशल्या देवी ने कहा की पंचायत क्षेत्र के युवाओं में पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य जरूरी है। पंचायत में खेल खत्म होते जा रहा है। आज के युवा खेलने के बजाय गलत आदतों और कामों में लगे रहते है। इसलिए हमने खेल के प्रति युवाओं को जागरूकता के लिए यह खेल का आयोजन किया था, आगे भी करती रहूंगी। खेल से मानसिक विकास होता है। उन्होंने फाइनल मुकाबला में प्रथम विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, भाजयुमो नेता अमित गुप्ता, द्वारिका साव उर्फ सुनील साव, चंदो साव, महावीर साव, शिक्षक राजेंद्र साहू, शंकर शाहा, शिक्षक रामवतार रजक, संजीत नायक, रामवृक्ष राम, प्रदीप राम, राजेश साव, मनोहर साहू, नरेश यादव, अवधेश यादव, शत्रुध्न साव, कार्तिक मंडल, चितरंजन प्रसाद, जनक कुमार, आयोजक समिति अध्यक्ष शिव शंकर यादव, सचिव विकास साव, कोषाध्यक्ष चेतलाल राणा, महासचिव विकास रजक, लोकेश राणा, परवीन कुमार समेत खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत बाजूकोला स्थित आदिवासी विकास उच्च विद्यालय के मैदान में मानव विकास संस्था के तत्वावधान में बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल, कबड्डी जैसी खेल का खेला करवा गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मानव विकास संस्था सचिव बीरबल प्रसाद मेहता बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी मौजूद थे। फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच में बडकीटांड गोरहर विजेता बनी वहीं द्वतीय डुमरडीहा तृतीय खैरियो रही। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने कहा बच्चियों के बीच इस तरह के आयोजन से शारीरिक और मानसिक का विकास होता है। उन्होंने संस्था के सचिव को बधाई दी जिन्होंने इस तरह का आयोजन किया बच्चों के मनोबल बढ़ाने का काम किया है। मौके पर राजकुमार नायक अर्जुन राणा, राजकुमार गिरी, अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के प्रखंड अध्यक्ष किशुन हांसदा, शिवलाल यादव, रामकुमार मुर्म समेत कई लोग उपस्थित थे ।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव में 14 उम्मीदवार मैदान में



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनावी मैदान में पार्टी के 14 कार्यकर्ता दौड़ में शामिल हैं। इसके लिए पार्टी के वरीय पदाधिकारी कार्यकताओं से रायशुमारी कर रहे हैं। यह पिछले कई दिनों से जिले के विभिन्न प्रखंडों में चलाया जा रहा है, जो सात सितंबर की देर शाम तक समाप्त हो जायेगा। जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर उम्मीदवार कमर कसे हुए हैं और अपनी – अपनी पैठ बनाने में सक्रिय हैं। फिलहाल जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान हैं। जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में कुछ माह पहले सीपीआइ छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए प्रकाश रजक, मनोज सहाय पिंकू, सईद नसीम, भगीरथ पासवान, उमेश साव, नारायण बरनवाल, आशीष पांडे, फैयाज केसर, विजय सिंह, प्रदीप सिंह, नवनीत ओझा, महेंद्र यादव, अनिल यादव और सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। 6 सितंबर को झुमरी तिलैया के विवाह भवन और नगर पंचायत कोडरमा के गीतांजलि बैंकट हॉल में कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चयन के लिए बैठक कर रायशुमारी ली। इसमें मुख्य रूप से मौजूद महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री माणिक राव ठाकरे, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,पूर्व विधायक थियोडोर किडो, विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि देश में संविधान बचाने के लिए प्रतिपक्ष के नेताराहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी के हाथ को मजबूत करने की आवश्यकता है। जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाह रवैया अपना कर लोकतंत्र और संविधान को कुचलने का काम कर रहे हैं, इसका जवाब संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर भारतीय जनता पार्टी को केंद्र में सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, गालीब मंसूरी, अशरफ अली, फैयाज केसर, निर्मल कुमार ओझा, नवनीत ओझा, सोनू वारसी, प्रभात कुमार राम, उमेश साव, पवन कुमार सिंह, सरवन कुमार सिंह, चंद्रभूषण साव, लीलावती मेहता, अर्चना सिंह, संजय कुमार दास, अनिल दास, राजनीतिक पासवान आदि मौजूद थे।

# गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने दबोचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सिंघरावां स्थित सत्यनाम भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी दुकान (गोदाम) से गैस सिलण्डर चोरी हुई थी। चोरी हो जाने से संबंधित आवेदक दयानिधि पिता झगरु यादव ग्राम - तेतरचक, थाना-इटखोरी, जिला- चतरा के द्वारा चौपारण थाना को एक आवेदन दिया गया, जिसपर चौपारण थाना कांड में कांड सं0- 222/25 दर्ज किया गया। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ बरही के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर कांड में चोरी गये गैस सिलण्डर और अन्य सामानों के बरामदगी हेतु छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में गुरुवार को कांड में संलिप्त तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गयी, जिसके निशानदेही पर चोरी की गयी सिलण्डर की बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान गैस सिलण्डर- 06 पीस बरामद किया गया।

**गिरफ्तार व्यक्ति का नाम और पता :** ओम कुमार, पिता राजकुमार चन्द्रवंशी ग्राम- टिटही, इलियास अंसारी पिता ग्यास अंसारी ग्राम मलिकाना दोनों थाना- चौपारण और विजय गुप्ता पिता स्व लखन साव ग्राम अफीम कोठी, थाना- बरही तीनों जिला हजारीबाग शामिल हैं।

**छापामारी दल में:** बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि दिव्य प्रकाश, पुअनि सुनिल कुमार सिंह के साथ चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## पशु तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम खुटरा से दो टाटा मैजिक गाड़ी में अवैध रूप से मवेशियों को ढोने की सूचना इचाक थाना को शुक्रवार को मिली थी। सूचना पर थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से उक्त दोनों मवेशी लोड गाड़ियों को रोक लिया गया और कुल दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने बताया कि पकड़ाए हुए व्यक्तियों से टाटा मैजिक गाड़ी में लोड मवेशियों के संबंध में पूछताछ की गई तथा कागजात की मांग की गयी, परंतु पकड़ाये उक्त दोनों व्यक्तियों में से किसी ने भी कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिये। अवैध रूप से चोरी छिपे क्रुरतापुर्वक गाड़ी में मवेशी लाद कर तस्करी करने के आरोप में दोनों टाटा मैजिक गाड़ी ओर गाड़ी के डाला में लोड मवेशी को जब्त किया गया और पकड़ाए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में इचाक थाना कांड सं-129/25 भारतीय न्याय संहिता और 11 (1) (डी) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों और गाड़ी के मालिक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। साथ ही गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गरफ्तार व्यक्तियों में नन्द जी राय, पिता रामकठिन राय, ग्राम नारायणपुर, थाना- गरखा, जिला- छपरा (बिहार), वर्तमान पता- होम गार्ड चौक, थाना- कोर्रा, उमेश मेहता, पिता रेवा महतो, ग्राम बरकाखुर्द, थाना- ईचाक दोनों जिला हजारीबाग शामिल हैं। छापेमारी दल के सदस्य में थाना प्रभारी राजदीप कुमार, पुअनि संतोष कुमार, पुअनि राजेश्वर राम के अलावा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बुलंद हौसले की पहचान है राजू अगरिया

# एक पैर से कई किमी उछलते पहुंचा बैंक

आजाद सिपाही संवाददता

**हजारीबाग।** राजू अगरिया अपने बुलंद हौसले के कारण जाना जाता है। राजू का दाहिना हांथ और बाया पैर कटा हुआ है और वो एक पैर से बेधड़क उछलते हुए चलता है और अपना नित्य कर्म करता है। वह कई किलोमीटर दूर अपने घर चोय बंदा से दारु बैंक ऑफ इंडिया आता है जिसमे उसे करीब दो किलोमीटर पैदल उछलते हुए चलना पड़ता है। राजू को इस तरह से चलते देख सहसा लोगों की सांसे थम जाती है। उसे एक पैर से कूदता हुआ देख लोगों को यकीन ही नहीं होता है कि इतनी तकलीफ और दुख झेलकर कोई ऐसे भी चल सकता है। इस बारे मे राजू ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व तक उसका हंसता खेलता



हुआ परिवार था उसके साथ उसकी पत्नी और दो बेटे दो बेटी रहते है। परिवार के भरण पोषण के लिए वह टावर लाइन में काम करने के लिए औरंगाबाद महारास्ट्र गया, जहां वह विद्युत करंट की चपेट मे आ गया। जिसमे उसके एक हांथ और एक पैर को डॉक्टरों ने मजबूरी वश काट दिया। जिसके बाद वह पुरी तरह से अपाहिज हो गया। इस हालात को देखकर बहुत से नेता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी ने उसे मदद का आश्वाशन दिया पर किसी ने उसकी मदद नहीं किया। वह अपनी दिव्यांगता पेंशन एक हजार लेने के लिए बीस किलोमीटर दूर से आता है, जिसमे उसके करीब 100-150 रुपैया खर्च हो जाते है। राजू प्रशासन से एक बैटरी वाला स्कूटर दिलाने की गुहार लगाता रहता है। उसका कहना है कि यदि उसे स्कूटर मिल जाय तो उसे अपना दिनचर्या सहित अन्य कार्य करने में आसानी होगी। राजू की पत्नी बगल में एक सरकारी स्कूल मे रसोईया का काम करती है जिससे उसके पति और चार बच्चों का पालन पोषण होता है।

## सीएफसी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत स्थित चेलेंगदाग गांव में सीएफसी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच बरतुआ बनाम डूमरबेड़ा के बीच खेला गया जिसमें बरतुआ ने एक जीरो से मैच को बड़ी ही संघर्ष और रोमांटिक के साथ जीत हासिल की। मैच का उद्घाटन आजसू नेता कौलेश्वर गंझू, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझू द्वारा संयुक्त रूप से दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के बाद फुटबॉल को किक मारकर किया गया। इस अवसर पर आजसू नेता श्री गंझू ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट आयोजन से क्षेत्र के युवकों को शारीरिक और मानसिक का विकास होता है। उद्घाटन मैच रेफरी महावीर गंझू थे। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भूलेश्वर गंझू ने जानकारी देते हुए कहा कि उक्त टूर्नामेंट में कुल 32 टीम ने भाग लिया है। भोले आगे कहा कि मुकेश गंझू, रवि गंझू, रंजीत गंझू, प्रदीप कुमार, विष्णु कुमार, वीरेंद्र कुमार, वासुदेव कुमार सहित गांव के ग्रामीणों की सहयोग से टूर्नामेंट सफल कराया जा रहा है।

# उपायुक्त ने टाटीझरिया प्रखंड का किया निरीक्षण

**सरकार की योजनाओं, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बागवानी पर दिया विशेष बल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज टाटीझरिया प्रखंड का व्यापक भ्रमण कर विभिन्न विभागीय योजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत सचिवालय, स्वास्थ्य केंद्र तथा बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा योजनाओं की प्रगति एवं मानव सृजन दिवस के आयोजन की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। उन्होंने खराब अवस्था में पड़े जेनरेटर को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। रजिस्टरों की जांच के क्रम में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र



पंजीकरण, पेयजल एवं शौचालय की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने पाया कि पंचायत सचिव द्वारा कार्यालय का यूजर आईडी किसी अन्य व्यक्ति को देकर कार्य कराया जा रहा है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सचिव पर स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। टाटीझरिया स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने डॉक्टरों की उपलब्धता, जीवन रक्षक दवाओं (एंटी वेनम, एंटी रेबीज आदि) के स्टॉक, ओपीडी संचालन की स्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा रात्री पाली की सेवाओं और उपकरणों की उपलब्धता का भी आकलन किया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफ-सफाई और चिकित्सकों हेतु निमार्णाधीन क्वार्टर की स्थिति का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। आम बागवानी योजना का निरीक्षण भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने आम बागवानी योजना के लाभुक से मुलाकात की और उनके बगीचे का अवलोकन किया। उन्होंने पौधों की स्थिति की समीक्षा की और लाभुक को पौधों के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की निगरानी प्राथमिकता पर की जा रही है। मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार,बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज,बीईओ नागेश्वर सिंह समेत प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित था।

# हाथी पर आयेंगी और कंधे पर सवार होकर विदा होंगी मां जगदंबा

**इस बार की दुर्गा पूजा शुभ ही शुभ**

**कलश स्थापना 22 से हो रही शुरू**

**इस बार दशहरा 11 दिनों का होगा**

सतीश कुमार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक चलने वाला त्योहार दुर्गा पूजा काफी खास होता है । पूरे नौ दिनों तक लोग श्रद्धा और भक्ति के साथ बिताते हैं। साल में दो गुप्त नवरात्रि आते हैं और चैत्र मास और शारदीय नवरात्रि दो अप्रैल और अक्टूबर में मनाये जाते हैं। अब अक्टूबर में आने वाले नवरात्र को शारदीय नवरात्रि के नाम से जाना जाता है। पं कुंतलेश पांडेय ने



पं. कुंतलेश पांडेय

बताया कि अश्विन मास में शारदीय नवरात्र की शुरुआत हिन्दू पंचांग के प्रतिपदा यानी 22 सितंबर से शुरू हो रहे हैं। नवरात्रि पर इस साल उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र और हस्त योग का संयोग बन रहा है। इस साल नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेंगे। इसके बाद दशहरा पर्व दो अक्टूबर को मनाया जायेगा। इस बार दशहरा 11 दिनों का होगा ।

इसमें मां दुर्गा की विशेष पूजा होती है। जबकि नवरात्रि के नौ दिनों में माता दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। पं कुंतलेश पांडेय ने बताया कि इस बार हाथी पर माता सवार होकर आयेंगी । ऐसा कहा जाता है कि जब माता की सवारी हाथी होती है, तो इसे शुभ माना जाता है। रविवार या सोमवार को शुरू होने वाली नवरात्रि में माता हाथी पर सवार होकर आती हैं। इसलिए इस बार पूजा विशेष फलदायी होगी। इस बार माता का प्रस्थान बुधवार को मां कंधे पर बैठकर विदा होगी जिससे जनता के बीच सुख और मंगल होगी ।

नवरात्रि का आरंभ घटस्थापना के साथ होता है, जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। 2025 में घटस्थापना सोमवार, सितम्बर 22 को की जाएगी। घटस्थापना 22 तारीख को सुबह 06:09 बजे से 08:06 बजे तक की जा सकती है। इसके अलावा अगर दोपहर को घटस्थापना कर रहे हैं, तो दोपहर 11:49 बजे से 12:38 बजे तक कलश की स्थापना कर सकते हैं।

## नरैना विद्यालय में हुई चोरी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरैना में बीती रात चोरों ने विधालय के आफिस का ताला तोड कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जिसमें विद्यालय में रखें माइक वाला बॉक्स, वेट मशीन, मंत्रा, एफ एल एन बाजा और अन्य समाग्री चोरी कर ली गयी। घटना कि सुचना ग्रामीण के द्वारा विद्यालय प्रभारी उमेश कुमार दास को दी गयी जिसके बाद प्रभारी के द्वारा मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक और थाना प्रभारी को दी गयी। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंच कर मामले की छान बीन कर रहे हैं।

## नाबालिग युवती के अपहरण का आरोप

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से नाबालिग युवती के अपहरण को लेकर आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने आठ दिन पूर्व थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी और युवती की तलाश की गुहार लगायी थी। इसके बाद भी जब सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन सौंपा। परिजनों का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बावजूद बेटी का कोई पता नहीं चल सका है। जिससे वे बेहद चिंतित हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द उनकी बेटी को बरामद करने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर कटकमसांडी थाना प्रभारी शिवम गुप्ता ने बताया कि आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस टेक्निकल सेल की मदद से युवती और अपहरणकर्ता की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी का दावा है कि जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जायेगा और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## प्रखंड सभागार में कार्यशाला का आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 22–23 में बेहतर प्रदर्शन करने वालों पंचायत बादम के मुखिया सुनीता देवी, चोपदार बलिया पंचायत के मुखिया पूजा कुमारी और डाड़ीकला पंचायत के मुखिया को बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार के द्वारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक आशीष कुमार पासवान, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिसर के द्वारा दिया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु निर्धारित ग्राम सभा दिनांक 9 – 10 सितंबर प्रखंड के सभी पंचायतों में निर्धारित ह । जिसमें वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रविष्टि किये गये डेटा का अनुमोदन कर सबमिट करना है। कार्यशाला में प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय जितेन्द्र कुमार मंडल, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रशिक्षक आशीष कुमार पासवान, चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, इलियास अंसारी,चौपदार बलिया पंचायत के मुखिया पूजा कुमारी, बादम पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, सुलेखा कुमारी, लीलावती देवी, कविता देवी, पूर्व मुखिया दीपक कुमार दास सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## पिपचो से प्रिंस कुमार लापता



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना क्षेत्र के पिपचो निवासी मुन्ना कुमार राम पिता सुखदेव राम ने थाना को लिखित आवेदन दिया है कि मेरा भतीजा प्रिंस कुमार पिता पवन कुमार राम उम्र 14 वर्ष लम्बाई 5 फीट रंग सांवला जो काला रंग चेक शर्ट और बुलु रंग का जीन्स पैंट पहना हुआ है जो 5 सितंबर को 12 बजे पूर्वाह्न घर से बिना किसी सूचना का निकला है और अब तक घर वापस नहीं लौटा है। हरेक गांव और परिजनों में खोजबीन किया परंतु अब तक कहीं पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि खोजबीन करने में हमारी मदद करें और सूचना मिलने पर खबर करें।

## घरों में चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में चोरी की घटना रुकने का नाम ही नहीं ले रहाहै। आए दिन चोर किसी न किसी घर को अपना निशाना बना रहे हैं। यदि पिछले एक महीने की बात करें तो, चोरों ने एक दर्जन से अधिक घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पहले जहां चोर बंद पड़े घरों को अपना निशाना बना रहे थे, वहीं अब चोर लोगों की मौजूदगी वाले घरों में भी चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झलपो की है, जहां बीती रात चोरों ने एक साथ चार घरों को अपना निशाना बनाया है और वहां से सोने–चांदी के जेवरात सहित हजारों रुपये की चोरी भी कर ली है। घटना को लेकर पीड़ितों ने बताया कि वे लोग घर में सोए हुए थे। सुबह उठ तो देखा कि उनके घर के कमरे में उनका बक्सा टूटा पड़ा था और सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था। जांच पड़ताल की तो पाया कि बक्से से सोने–चांदी के जेवरात व हजारों रुपये नगद गायब थे। इधर जैसे ही आसपास के लोगों ने सुना की एक घर में चोरी की घटना घटी है, वैसे ही लोग अपने–अपने घरों में जाकर जांच करने लगे। इस दौरान तीन अन्य घरों में पता चला कि रात में उनके घर भी चोरी हुई है। बताते चलें कि जहां पर यह चोरी की घटना हुई है, वह क्षेत्र काफी भीड़भाड़ वाला है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर तिलैया थाना प्रभारी थाना प्रभारी विनय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये।

## आज से शुरू होगी बालू घाट की इ-नीलामी की प्रक्रिया, 18 सितंबर को होगी समाप्त

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में बालू घाट की नीलामी प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश पर प्री बीड बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता संतोष सिंह और संचालन जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार द्वारा की गयी। बैठक में टेंडर भरने वाले सभी इच्छुक उद्यमियों को ऑनलाइन टेंडर भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने का तरीका, अग्रधन राशि जमा करने की प्रक्रिया तथा समय सीमा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि अग्रधन राशि जमा करने और निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया की प्रारंभिक तिथि 7 सितंबर 25 सुबह 11 बजे से शुरू होकर अंतिम तिथि 18 सितंबर 25 शाम 5 बजे तक निर्धारित की गयी है। इसके बाद, तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जांच और मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड की जायेगी और प्रारंभिक वित्तीय प्रस्ताव का मूल्यांकन 20 सितंबर 2025 को किया जायेगा। अंततः ई-नीलामी की तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गयी है। अपर समाहर्ता और जिला खनन पदाधिकारी ने सभी व्यवसायिक प्रतिनिधियों से समयबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने और सभी शर्तों का सही तरीके से अनुपालन करने का आग्रह किया।

# रामगढ़ कोर्ट पहुंचे चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान, भवन की हालत देख हुए मायूस

## बिजली, बाथरूम, पेंट और फर्नीचर को बेहतर करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान शनिवार की शाम रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उनका स्वागत झारखंड की परंपरागत नृत्य संगीत के साथ किया गया। लेकिन जब उन्होंने व्यवहार न्यायालय के भवन के हालात को देखा तो दुखी हो गये। उन्होंने पूरे परिसर का दौरा किया और सभी जज के इजलास में जाकर निरीक्षण किया। इजलास में उस जगह पर भी गये जहां जज के लिए बेंच बना हैं। इसके अलावा अधिवक्ताओं के बैठने की जगह को भी बेहतर बनाने का निर्देश उन्होंने दिया। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने पूरे व्यवहार न्यायालय परिसर के एक-एक कमरे, बाथरूम तक का निरीक्षण किया और बेहतर तरीके से बनाने का निर्देश दिया।

**पीडीजे का चैंबर और वीसी रूम से हुई शुरुआत :** चीफ जस्टिस के आने के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर में तैयारी पहले से की गयी थी। पीढ़ी जीके चेंबर के बाहर चीफ जस्टिस का बोर्ड लगाया गया था। सबसे पहले चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान इसी कमरे में पहुंचे। इसके बाद उन्होंने नये तरीके से बनाये गये वीसी रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने एक कर उन सभी इजलासों का निरीक्षण किया, जहां जज बैठकर फैसला सुनाते हैं।

**परंपरागत तरीके से हुआ चीफ जस्टिस के पूरे परिवार का स्वागत :** बोकारो में एक कार्यक्रम में शामिल होकर चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान अपनी पत्नी अमनदीप सिंह चौहान, और बेटी तरण चौहान के साथ रामगढ़ पहुंचे थे। इसके अलावा उनके साथ हाई कोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन और रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद भी थे। उन सभी लोगों का स्वागत व्यवहार न्यायालय परिसर में परंपरागत तरीके से हुआ। जेएसएलपीएस से जुड़ी हुई महिलाओं ने झारखंड की परंपरागत परिधान में तैयार होकर उनका स्वागत करने पहुंची थी। ढोल नगाड़े के पारंपरिक संगीत के बीच चीफ जस्टिस, उनकी पत्नी और बेटी को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें पत्तों से बनी हुई माल भी पहनाई गयी।

**जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मिला चीफ जस्टिस से, सौंपा 5 सूत्री मांगपत्र :** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण कर चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मिला। इस दौरान उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया साथ ही जिला अधिवक्ता संघ की ओर से पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।

### कोर्ट परिसर में किया पौधरोपण

पूरे परिसर में भ्रमण करने के बाद चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान अपने पूरे परिवार के साथ कोर्ट परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने प्रकृति प्रेम को भी उजागर किया।

### मां छिन्नमस्तिका की आरती में शामिल हुए चीफ जस्टिस

रामगढ़ व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण कर चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान अपने पूरे परिवार के साथ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका के दरबार में पहुंचे। संध्या आरती में शामिल होकर उन्होंने झारखंड वासियों के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से डीडीसी आशीष अग्रवाल, एसपी अजय कुमार, पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र गुप्ता, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अखिलेश प्रसाद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया वर्षगांठ



कुजू (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया कुजू और तोपा शाखा ने शनिवार को धूमधाम से 120वां वर्षगांठ मनाया। इस अवसर पर कुजू में शाखा मैनेजर अभिषेक कुमार और तोपा में मैनेजर दीपक कुमार ने केक काटा। साथ ही, स्थापना पर ग्राहकों और सहकर्मियों को बधाई दी। मौके पर मैनेजर अभिषेक कुमार ने ग्राहकों को जानकारी देते हुए कहा कि सन 1906 में बैंक की स्थापना हुई। ग्राहकों की सेवा और विश्वास के बदौलत मजबूती प्रदान की है। वहीं, सरकार ने भी हमारे बैंक पर पूर्ण विश्वास किया। बैंक का देश में 53 सौ शाखा, 8 हजार एटीएम, 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लेन देन है। हमारा कुजू शाखा हजारीबाग जोन में बिजनेस के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर अव्वल है। वहीं, तोपा शाखा भी एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस के संयुक्त सौजन्य से स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर शाखा मैनेजर दीपक कुमार ने सीसीएल से सेवानिवृत कर्मी सह खाताधारक गोपी राम, दफाली करमाली और गोमीलाल मांझी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं, ग्राहकों को बैंक स्थापना संबंधित जानकारियां दी गयी। मौके पर कुजू से सहायक प्रबंधक नीलम कुमारी भारती, रंजना मीना, जूही कुमारी, अनिल कुमार शर्मा, दीपक कुमार, खुशबू केसरी, राजेश सिन्हा, ग्राहक बालेश्वर शर्मा, हरेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, अवधेश कुमार, संजय अग्रवाल, कृष्णा तिवारी, तोपा शाखा से अधिकारी उदय कुमार शर्मा, राहुल कुमार, शोभा कुमारी, एमडी नवाज, राजदीप रवि, रंजीत राम, ईश्वर रवि, लाइफ इंश्योरेंस के अभिषेक कुमार, हिमांशु शेखर समेत कई ग्राहक शामिल रहे।

## इनरव्हील क्लब की सदस्य पहुंची वृद्ध आश्रम



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए शनिवार को ओरमांझी स्थित ओंकार मिशन वृद्ध आश्रम में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान क्लब की सदस्य वृद्ध जनों के बीच पहुंची और उनके साथ समय बिताया। बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखकर कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया। क्लब की ओर से वृद्धाश्रम में चार पंखे, दो महीने का राशन जैसे आदि जरूरी सामनों को उपलब्ध कराया, ताकि आने वाले समय में उनका भोजन की किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कार्यक्रम के दौरान इनरव्हील की सदस्यों ने बुजुर्गों के बीच मिठाईयों का वितरण किया। साथ ही सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया। स्वादिष्ट व्यंजन और मिठाइयों का आनंद लेते हुए सभी के बीच आत्मीयता और अपनापन महसूस किया गया। भोजन के बाद क्लब की सदस्याओं ने बुजुर्गों के साथ बातचीत की। जिससे माहौल हंसी और उत्साह से भर गया। बातचीत करते हुए वृद्ध जनों ने भी अपने बचपन और युवा अवस्था की यादें ताजा की। मौके पर क्लब अध्यक्ष नमिता श्राफ ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि बुजुर्गों के पास अनुभवों का भंडार है। उनका सानिध्य हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उनका सम्मान और देखभाल करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है इनरव्हील क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल वृद्ध आश्रम के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि सदस्यों के लिए भी एक बहुत अच्छा अनुभव रहा। मौके पर रेनू मेवाड़, जनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया, निधि चौधरी, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ, राजेंद्र बुढ़वाल, दीपा बडेरा, विजयलक्ष्मी आयंगर, पिंकी पोद्दार, रंजू अरोड़ा, जसमीत कौर, मनबीर कौर, परमजीत भूसरी, जसबिंदर होरा, नीतू अग्रवाल, नवलजीत कौर, गुरबख्श कौर, हरमीत कौर, अंबाली जैन, नीति अरोड़ा, पिंकी बंसल, मधु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## जेएलकेएम ने विस्थापन नीति लागू होने पर जयराम का जताया गया आभार


कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की बैठक सामुदायिक भवन, तोपा में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रमेंद्र कुमार व संचालन ओरला पंचायत प्रभारी कैलाश करमाली ने की। बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो द्वारा गत दिन विस में विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े गंभीर मुद्दे पर जोरदार ढंग से चर्चा कर उठाया गया था। वहीं, मामले को गंभीरता को देख हेमंत सोरेन सरकार ने लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत में जयराम महतो की लोकप्रियता बढ़ रही है। क्षेत्र में पार्टी का जल्द ही बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वहीं, विस्थापन नीति लागू किए जाने की खुशी पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

## ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



चतरा (आजाद सिपाही)। जिले की सदर थाना पुलिस ने शुक्रवार को ब्राउन शुगर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी सुमित अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 253 ग्राम ब्राउन शुगर और दस लाख रु नगद के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त सफेद रंग का चार पहिया वाहन विटारा ब्रेजा और स्विफ्ट कार जब्त किया गया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना अंतर्गत रामटुण्डा गांव स्थित फुटबॉल मैदान में चार पहिया वाहन के साथ कुछ लोग अवैध ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने के लिए जमा हैं। सूचना का सत्यापन कर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सुमन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रामटुण्डा स्थित फुटबॉल मैदान से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से करीब 253 ग्राम ब्राउन शुगर और जेएच 01 ई एस /8912 और जेएच 02 बीएच/7063 नंबर की दो कार बरामद किया गया। खरीद बिक्री में संलिप्त अन्य तस्करों के विरुद्ध छापामारी के क्रम में गिद्धौर थाना क्षेत्र के रहने वाले अनुज दांगी उर्फ अभिषेक कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से अवैध ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से रखे गये 9.99,500/ रुपये जप्त किया गया। एसपी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 50 लाख रु है। गिरफ्तार तस्करों में पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव के जितेन्द्र कुमार साहु (32 वर्ष), गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर गांव के बहादुर दांगी (46 वर्ष) और प्रेमनाथ दांगी( 55 वर्ष) तथा अनुज दांगी उर्फ अभिषेक कुमार वर्मा (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट और वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा वन विभाग की लकड़ी की तस्करी में भी जेल जा चुके हैं।

## उपायुक्त ने कुंदा प्रखंड का किया दौरा



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कीर्तिश्री शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर कुंदा प्रखंड पहुंची। प्रखंड कार्यालय में आगमन के समय सखी मंडल की महिलाओं ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। उपायुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने महादेव मठ मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास चल रही योजनाओं का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने मौके पर महादेव मठ परिसर में मनरेगा पार्क निर्माण और सीसीटीवी कैमरे की स्थापना की मांग रखी, जिस पर उपायुक्त ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। तत्पश्चात उपायुक्त ने ऐतिहासिक राजा किला का भी निरीक्षण किया और इसके संरक्षण एवं विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उपायुक्त ने स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रोजेक्ट रेल परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली और उन्हें निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के सखी मंडल द्वारा संचालित टमाटर की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडल की महिलाओं से संवाद कर उनकी आय में वृद्धि तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कल्याणी सखी मंडल द्वारा संचालित बीसी संचालन केंद्र का भी निरीक्षण किया और इसकी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान क्षेत्र के युवाओं ने उपायुक्त के समक्ष खेल मैदान की मांग रखी। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ चतरा जहुर आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदा साकेत कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख कमला देवी, पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन और जिंदल स्टील प्रबंधन द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने से लेकर विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों तक कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। 5 सितम्बर को जिंदल क्लब हाउस में आयोजित भव्य समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को शॉल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्लांट हेड केबी सिंह, जिंदल लेडीज क्लब की चेयरपर्सन अमृता सिंह सहित अन्य विभाग प्रमुख और अधिकारी ने दीप प्रज्जवलित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्लांट हेड केबी सिंह ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक दिवस केवल सम्मान का दिन नहीं है, बल्कि यह शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने कहा कि इस विशेष दिन पर हमें अपने भीतर के शिक्षक को जागृत करना चाहिए। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षकों की नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और परिवारों की भी है। 6 सितम्बर को विद्यालय प्रांगण में उत्सव का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु गीत-संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट करने के साथ हुआ। इस पूरे समारोह ने जहां शिक्षकों को गौरवान्वित किया, वहीं विद्यार्थियों के उत्साह ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों की गहराई को उजागर किया। ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू का यह आयोजन न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरक संदेश लेकर आया।

## श्री दिगंबर जैन मंदिरों में मनाया गया अनंत चतुर्दशी पर्व, ब्रह्मचर्य की हुई पूजा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन शनिवार को शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में अनंत चर्तुदशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग दोनों जिनालयों में पहुंचे। पंडित निवेश शास्त्री के सानिध्य में दैनिक जलाभिषेक, शांतिधारा और अनंत चर्तुदशी से संबंधित पूजन आरंभ हुई। इस दौरान प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य मांगीलाल जैन, अशोक चूड़ीवाल, विद्या प्रकाश, पद्मम जैन छाबड़ा परिवार, अरुणा जैन, डॉ शरद जैन परिवार, किशोर जैम, बबीता काला परिवार, पुष्पा जैन अजमेरा परिवार, अशोक जैन, अमित काला परिवार, मयंक जैन, अनुष्का जैन परिवार और राजेंद्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, शांतिधारा का सौभाग्य पुष्पा जैन, अजमेरा परिवार, मयंक जैन, अनुष्का जैन परिवार, ललिता जैन रावका परिवार राजेंद्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार, राजकुमार, ऋषभ काला परिवार, और मांगीलाल जैन, अशोक चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य राजेश जैन, हर्ष सेठी एवं शांतिधारा का सौभाग्य विनोद कुमार, सरिता देवी भागलपुर निवासी को प्राप्त हुआ। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल ने बताया की आत्मा में रमण करना ब्रह्मचर्य है। रागोत्पादक साधनों के होने पर भी उन सब से विरक्त होकर आत्मोन्मुखी बने रहना उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। वहीं, सचिव योगेश सेठी ने बताया कि समाज के कई सदस्यों ने अलग-अलग प्रकार के व्रतो का अनुसरण किया है। दो सदस्य पुष्पा सेठी और निशा बगड़ा के दशलक्षण व्रत आज पूर्ण कर लिए हैं। रविवार को प्रातः वे श्री जी के सम्मुख हाथ जोड़कर अपनी भक्ति निवेदित करेंगी। साथ ही 8 सितंबर को दशलक्षण महापर्व के समापन पर सभी व्रतियों का सम्मान कर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## आरपीएफ जवान गोपाल का निधन

गोला(आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के मुरपा गांव निवासी गोपाल गुप्ता उम्र लगभग 35 वर्ष पिता जगेश्वर का आकस्मिक निधन शुक्रवार की शाम को हो गया। बताया गया कि गोपाल गुप्ता रांची हटिया स्थित रेलवे पुलिस सेल में आरपीएफ कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत थे। पिछले एक वर्ष से आंत में कैंसर से जूझ रहे थे। शुक्रवार की रात को अचानक तबियत ज्यादा बिगड़ गयी। अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी। बताया गया कि इनकी स्कूली शिक्षा गोला के राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय से की थी। उन्होंने एनसीसी से प्रेरित होकर रेलवे पुलिस फोर्स में वर्ष 2014 में ज्वाइन किया था। निधन की खबर के बाद गांव में मातम पसरा है। रेलवे पुलिस के अधिकारी गांव पहुंचकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिया। रेलवे पुलिस सेल से उप निरीक्षक बिजय कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार प्रसाद, मुख्य आरक्षी फिरोज अंसारी, कॉन्स्टेबल इंदल कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य गोला पूर्वी सरस्वती देवी समेत अन्य ने गहरा शोक व्यक्त किया है।


**पूर्व मध्य रेल**
(संकेत एवं दूर संचार विभाग)
**ई-निविदा सूचना**
संख्याः एस.जी. 664–14–टेलीः 2025–26
धनबाद, दिनांकः 02.09.2025
ई–निविदा सूचना सं एस.जी. 664–14–टेली–2025–26
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः 1) धनबाद मंडल के BIRT-MMLN, TORI -SVPO, BRKA-SDWR-SHANKI-MESRA-TATISILWA और BRKA-BRKA AVO-BERMO खंड में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत एसएसटी निर्माण इकाई द्वारा बिछाई गई/बिछाई जाने वाली OFC का वार्षिक रखरखाव अनुबंध तीन (03) वर्ष के लिए करने हेतु 2) धनबाद मंडल के MPO - PKA खंड में ABS/KAVACH की ओएफसी का तीन (03) वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने हेतु। कार्य का आकलित मूल्यः ₹3,87,03,819.57, कार्य का बयाना राशिः ₹3,43,500.00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 23.09.2025 (12:00 बजे)। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा के दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्यः प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइटः http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
कृते वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल धनबाद
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से
पीआर/0889/डीएचएन/(सं व दू)/टी/25-26/44



**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–**धनबाद, दिनांकः 03.09.2025**
**क्र. सं.: 1, ई–निविदा सं.:** 176-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** जीसी सेक्शनः– सहा.मं.अभि./1/गोमो के अधीन निचितपुर और भोलीडीह में 3.0मी चौड़े एफओबी का प्रावधान।
**12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू में) :** 6,82,37,727.79
**क्र. सं.: 2, ई–निविदा सं.:** 177-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** जीसी सेक्शनः सहा.मं.अभि./गुझंडी के अधीन दसरा और यदुडीह में 3.0मी चौड़े एफओबी का प्रावधान।
**12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू में):** 6,82,41,708.15
**क्र. सं.: 3, ई–निविदा सं.:** 178-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** जीसी सेक्शनः–सहा.मं.अभि./गुझंडी के अधीन केसवारी और बंशीनाला में 3.0मी चौड़े एफओबी का प्रावधान।
**12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू में) :** 6,82,33,291.32
**क्र. सं.: 4, ई–निविदा सं.:** 179-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** दिलवाः–सहा.मं.अभि./गुझंडी के अधीन दिलवा में 3.0मी चौड़े एफओबी का एवं एफएल पीएच का प्रावधान।
**12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू में) :** 7,88,64,246.54
**क्र. सं.: 5, ई–निविदा सं.:** 180-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा.मं.अभि./गुझंडी के अधीन चौबे, परसाबाद, हीरोडीह, सरमाटाँड़ और गुझंडी के एफओबी में रैंप का प्रावधान।
**12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू में) :** 7,46,44,443.84
**सभी निविदाओं का ब्याने की राशि (रू में):** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **सभी निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 29.09.2025 को 12:00 बजेतक । ई–निविदा खुलने की तारीख 29.09.2025 को 12.30 बजे से, **वेबसाईट का विवरणः** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/0898/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/25-26/60


## कुंदरू कला में बूढ़ा करमा महोत्सव का आयोजन

- ढोल- नगाड़ा के थाप पर सांसद- विधायक और ग्रामीण खूब थिरके झूमे-नाचे गाये
- बूढ़ा करमा झूमर उत्सव पूर्वजों की देन है,संजोये रखने की जरूरतः सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी
- झारखंडी संस्कृति से जुड़ा लोकप्रिय पर्व है करम महोत्सवः विधायक तिवार

आजाद सिपाही संवाददाता





**रजरप्पा।** झारखंड का लोकप्रिय प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा हुआ त्योहार बूढ़ा करमा महोत्सव का आयोजन हुआ, कुंदरु कला पंचायत के महथा बगीचा खेल मैदान में हर वर्ष भी रामगढ़ प्रखंड स्तरीय झूमर महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों प्रतिभागी टीम झूमर में शामिल हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो, और पूर्व विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुए मौके पर आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को पगड़ी पहनकर और गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सांसद चंद्र प्रकाश ने कहा कि बूढ़ा करम महोत्सव कर्मा त्योहार समाप्त होने के दूसरे दिन मनाया जाता है झारखंड के संस्कृति का धरोहर है और हमारे पूर्वजों की देन है जिसे सब कई आदिवासी और मूलवासी समुदाय के लोग धूमधाम से मनाते हैं जिसे आज सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि तिवारी महतो संबोधन में कहा कि झारखंड का यह लोकप्रिय त्योहार है जिसे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग भादो महीने के एकादशी तिथि पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मानते हैं। बूढ़ा करमा महोत्सव में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मांडू विधायक तिवारी महतो रामगढ़ पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने अखड़ा में ढोल नगाड़ा और मांदर की थाप पर खूब थिरके नाचे गाए व खूब झूम उठे। इस मौके पर सिल्ली से पहुंची कलाकार हेमली कुमारी ने ढोल बजाकर गीत गाकर सभी का मन मोह लिया दर्जनों गीत प्रस्तुत कर ग्रामीणों को झूमने से मजबूर किया। बूढ़ा करम महोत्सव में रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों झूमर प्रतियोगिता में शामिल टीम तथा ग्रामीणों ने करमा गीत जमकर झूमें नाचे गाये। इस मौके पर आमंत्रित सदस्य रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रामदेव महतो, आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, मनोज महतो, मांडू पार्षद भोला तूरी, गोला पार्षद जलेश्वर महतो, रामगढ़ सदर पार्षद धनेश्वर महतो, मुखिया कलावती देवी, मुखिया रेखा देवी, पूर्व मुखिया शीला देवी सहित दर्जनों आमंत्रित अतिथि शामिल थे। झूमर आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक किसुनराम मुंडा, अध्यक्ष प्रदीप नायक, सचिव धनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, विजय केसरी, तुलसीदास महतो, मोहराय महतो, जगदेव महतो, हीरा गोप, प्रकाश महतो नीरजमंडल, अरविंद महतो महेश महतो, संतोष महतो ज्ञानी महतो, संतोष केसरी, जगदेव महतो, सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# पीछे क्यों लौटना

कर्नाटक सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव इवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराने का फैसला किया है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का कहना है कि लोकल बॉडी इलेक्शन कैसे कराना है, यह अधिकार राज्य का होता है। हालांकि यहां सवाल अधिकार से ज्यादा प्रक्रिया पर है। कांग्रेस की अगुआई में विपक्ष ने जिस तरह से इवीएम और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है, उसे देखते हुए कर्नाटक सरकार के इस फैसले के राजनीतिक अर्थ निकाले जा सकते हैं।

**विपक्ष की शिकायत :** चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच भरोसा इस समय सबसे निचले स्तर पर है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर विपक्षी दल हमेशा से संदेह जताते रहे हैं, लेकिन अब बात इलेक्शन कमिशन की विश्वसनीयता तक पहुंच गयी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा इलेक्शन तक, बड़े स्तर पर धांधली हुई। चुनावों के ऐन पहले बड़े पैमाने पर नये नाम जोड़े और काटे गये, जिसका फायदा बीजेपी को मिला। उन्होंने जिन जगहों पर गड़बड़ी की आशंका जताई थी, उनमें कर्नाटक की बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट के तहत आने वाला महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र भी था।

**पारदर्शिता की गारंटी नहीं :** कर्नाटक सरकार का कहना है कि इवीएम की प्रमाणिकता खत्म हो चुकी है। अगर वाकई ऐसा है, तो भी बैलेट पेपर खोए भरोसे को वापस लाने की गारंटी नहीं। देश में जब चुनाव मतपत्रों के जरिये होते थे, तब भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें आती थीं। इसके अलावा, पूरी चुनावी प्रक्रिया बेहद लंबी, थकाऊ और खर्चीली हो जाती थी। इवीएम ने इस काम को आसान बना दिया है।

> **इवीएम के मामले में भी चुनाव आयोग को सोचना चाहिए कि किस तरह इसे आरोप मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए सरकार, विपक्ष और आयोग - सभी को मिल कर काम करना होगा।**

**टेक्नोलॉजी जरूरी :** अगर कोई संदेह है, तो उसका हल टेक्नोलॉजी से किनारा करके नहीं मिल सकता। इसमें प्रशासनिक मशीनरी के लिए व्यावहारिक चुनौतियां भी हैं। बैलेट पेपर पर लौटने की मांग सुप्रीम कोर्ट भी पिछले साल खारिज कर चुका है। हालांकि शीर्ष अदालत ने दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के लिए यह रास्ता खोला था कि परिणाम से असंतुष्ट रहने की सूरत में वे प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 5% इवीएम की माइक्रोकंट्रोलर चिप का वेरिफिकेशन कर सकते हैं।

**संदेह से मुक्त हो :** कर्नाटक के निकाय चुनावों को एक प्रयोग मान सकते हैं, जिसके सबक आगे काम आयेंगे। लोकतंत्र की बुनियाद निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनावों पर टिकी है। अगर कहीं कोई सवाल, कोई शक है, तो उसका उपाय खुली बहस और पारदर्शिता से निकाला जाना चाहिए। हर सिस्टम में सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। इवीएम के मामले में भी चुनाव आयोग को सोचना चाहिए कि किस तरह इसे आरोप मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए सरकार, विपक्ष और आयोग - सभी को मिल कर काम करना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सबसे अधिक चर्चा मोदी के लिए बिछाये गये लाल कालीन पर हुई। बायदु पर एक टिप्पणी में लिखा गयाः चीन यात्रा का सबसे दिल छू लेने वाला क्षण था मोदी का भव्य स्वागत। जैसे ही वे पहुंचे, उनका जोरदार स्वागत हुआ। लाल कालीन लंबा बिछा था, सम्मान गार्ड एकदम सटीक गठन में खड़ा था, और नृत्य प्रस्तुति बेहद जीवंत थी।**

# एससीओ में मोदी अन्य सभी नेताओं से ज्यादा छाये रहे

**सना हाशमी**


शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित चीन यात्रा अब अतीत की बात हो चुकी है। सामान्य भू-राजनीति और द्विपक्षीय संभावनाओं के विश्लेषण से आगे बढ़ कर, चीन के सोशल मीडिया उपयोगकर्ता शारीरिक हावभाव, प्रतीकात्मक इशारे, छवि और स्वाभाविक रूप से मीम्स से अधिक प्रभावित दिखे। कुछ टिप्पणियों ने यात्रा के सौहार्दपूर्ण माहौल पर जोर दिया, लेकिन अधिकतर हल्की-फुल्की रहीं, एक चौंकाने वाली संख्या में कई चुटकुले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर केंद्रित थे। यदि एससीओ शिखर सम्मेलन एक कूटनीतिक मंचन था, तो मोदी निःसंदेह उसके मुख्य अभिनेता थे, यह उन्हें मिली भारी-भरकम ऑनलाइन चर्चा से स्पष्ट हुआ। एक दूर का रिश्तेदार उतना अच्छा नहीं, जितना नजदीकी पड़ोसी, ऐसा कहा लियू यिंग ने, जो चोंगयांग इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल स्टडीज, रेनमिन यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता हैं।

सबसे अधिक चर्चा मोदी के लिए बिछाये गये लाल कालीन पर हुई। बायदु पर एक टिप्पणी में लिखा गयाः चीन यात्रा का सबसे दिल छू लेने वाला क्षण था मोदी का भव्य स्वागत। जैसे ही वे पहुंचे, उनका जोरदार स्वागत हुआ। लाल कालीन लंबा बिछा था, सम्मान गार्ड एकदम सटीक गठन में खड़ा था, और नृत्य प्रस्तुति बेहद जीवंत थी।

> **चीन का सोशल मीडिया भारत-अमेरिका मतभेद को उभारने, भारत-रूस की मित्रता का उत्सव मनाने और भारत-चीन संबंधों की स्थिरता की धारणा को स्वीकारने के लिए उत्सुक प्रतीत होती है।**

**मोदी-पुतिन हाथ पकड़ना और कार यात्रा**

चीन के इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने मोदी के हर कदम को बारीकी से देखा, लेकिन असली वायरल क्षण तस्वीरों से आयाः तियानजिन में मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हाथ पकड़ना और फिर उनकी औरस सेनाट लिमोजीन में साथ सवारी करना। ये तस्वीरें वीचैट और वीबो जैसे मंचों पर छा गयीं, जिससे एससीओ शिखर सम्मेलन मोदी ने पुतिन का हाथ पकड़ा और मोदी पुतिन की कार में गये जैसे हैशटैग बने, जिन पर लाखों बार देखा गया।



सोशल मीडिया उपयोगकर्ता केवल हाथ पकड़ने के मजाक तक सीमित नहीं रहे। शारीरिक भाषा भी ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गयी। टिक-टॉक के चीनी संस्करण डॉयिन पर कई वीडियो में दिखाया गया कि चीन यात्रा के दौरान मोदी हमेशा मुस्कुराते हुए, जीवंत और सौहार्दपूर्ण दिखे। कई वीडियो ने उनके पुतिन के साथ हाथ पकड़ने को ट्रंप के क्लिप्स के साथ जोड़ कर दिखाया, जिससे भारत-रूस के अटूट रिश्ते और ट्रंप की झुंझलाहट दोनों उजागर हुए।

न सिर्फ वे साथ में मंच पर दाखिल हुए, बल्कि सम्मेलन कक्ष में भी लगभग अविभाज्य दिखे, एक उपयोगकर्ता ने लिखा। कई वीबो उपयोगकर्ताओं ने सोचाः ट्रंप यह मोदी-पुतिन भाईचारा देखकर कैसा महसूस कर रहे होंगे?

यहां तक कि ग्लोबल टाइम्स के पूर्व प्रधान संपादक हु शीज़िन ने भी टिप्पणी की कि ट्रंप इस सार्वजनिक मित्रता प्रदर्शन से खिन्न हो सकते हैं–जिससे मीम की आग और भड़क उठी। अन्य उपयोगकर्ताओं ने संकेतों की भाषा को समझने की कोशिश की।

एक वीबो पोस्ट में लिखा : मोदी ने अपनी आधिकारिक कार छोड़ कर पुतिन की रूसी बख़्तरबंद औरस सेडान में सफर किया। यह केवल यात्रा नहीं थी, बल्कि निकटता और प्रतीकों का इस्तेमाल करते हुए भारत-रूस की नजदीकी दर्शाने वाला एक सोच-समझकर किया गया कूटनीतिक संकेत था।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने मजाक कियाः यह रूस-भारत संबंधों में एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसने एससीओ में बहुपक्षीय सहभागिता को नई रोशनी दी।

**शारीरिक भाषा की जांच-पड़ताल :** सोशल मीडिया उपयोगकर्ता केवल हाथ पकड़ने के मजाक तक सीमित नहीं रहे। शारीरिक भाषा भी ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गयी। टिक-टॉक के चीनी संस्करण डॉयिन पर कई वीडियो में दिखाया गया कि चीन यात्रा के दौरान मोदी हमेशा मुस्कुराते हुए, जीवंत और सौहार्दपूर्ण दिखे। कई वीडियो ने उनके पुतिन के साथ हाथ पकड़ने को ट्रंप के क्लिप्स के साथ जोड़ कर दिखाया, जिससे भारत-रूस के अटूट रिश्ते और ट्रंप की झुंझलाहट दोनों उजागर हुए। अन्य वीडियो में मोदी को आत्मविश्वास के साथ चलते हुए दिखाया गया और टिप्पणी में उन्हें "tough" बताया गया तथा कहा गया कि भारत ने ट्रंप के शुल्कों का मजबूती से उत्तर दिया है।

झीहू (चीनी क्वोरा) पर एक पोस्ट में लिखा थाः जितने दोस्ताना पहले थे, अब मोदी और ट्रंप दोनों ही एक-दूसरे से नाराज हैं।

बिलिबिली नामक वीडियो मंच पर एक लोकप्रिय पोस्ट में लिखा गयाः मोदी ने ट्रंप की स्पॉटलाइट छीन ली है। उनकी तियानजिन यात्रा ने उन्हें खूब स्पॉटलाइट दिलाया है।

अगर ट्रंप भी आते, तो शायद उन्हें भी लोकप्रियता मिल जाती, उनकी नृत्य शैली तो उन्हें प्रशंसक दिला ही देती। यहां तक कि एक अक से बनी वीडियो भी सामने आयी, जिसमें मोदी और ट्रंप को एक चीनी शैली के राजसी नाटक में दिखाया गया, जहां मोदी ने ट्रंप को हराकर विजय हासिल की।

हालांकि, सभी टिप्पणियां प्रशंसा भरी नहीं थीं। एक लोकप्रिय वीबो पोस्ट में लिखाः पुतिन के प्रति मोदी की उत्साही प्रतिक्रिया ने उनकी कमजोरियों को उजागर किया। एक छोटा देश छोटा ही होता है; यह आकार की नहीं बल्कि संयम की बात है। अमेरिका और पश्चिम इससे खुश होंगे, अंततः भारत उनके सामने झुक जायेगा, लेकिन ऐसी आलोचनाएं बहुत कम थीं। इसके विपरीत एक व्यापक रूप से साझा पोस्ट ने कहाः चीन यात्रा मोदी के लिए वर्षों में सबसे सुखद यात्रा थी।

**एक दुर्लभ सकारात्मक स्पॉटलाइट**

चीन की ऑनलाइन टिप्पणियों का बड़ा हिस्सा यह संकेत दे रहा था कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मोदी ने अन्य नेताओं से ज्यादा छाये रहे और भारत की भूमिका बदल रही है। असामान्य रूप से, कई तस्वीरों ने मोदी को सकारात्मक छवि में दिखाया, जहां वे अमेरिका का सामना करते, चीन के साथ शीघ्रता से संबंध सुधारते और रूस को आश्वस्त करते नजर आये। पिछले कुछ वर्षों में भारत की ऐसी सकारात्मक प्रस्तुतियां दुर्लभ रही हैं। इसका कारण सरल हैः इस समय बड़ा प्रतिद्वंद्वी अमेरिका है। चीन का सोशल मीडिया भारत-अमेरिका मतभेद को उभारने, भारत-रूस की मित्रता का उत्सव मनाने और भारत-चीन संबंधों की स्थिरता की धारणा को स्वीकारने के लिए उत्सुक प्रतीत होती है।

## कोल्हान की खबरें

# जीएसटी दरों में कटौती ऐतिहासिक निर्णय:बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी शनिवार को सरायकेला पहुचे। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीएसटी की दरों में कटौती के फैसले ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। श्री बाउरी ने कहा यह फैसला आम जनता में विशेषकर मध्यम वर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। श्री बाउरी ने बताया जीएसटी दरों में कटौती से अब कॉपी और किताबें, ट्रैक्टर व कृषि उपकरण, गंभीर बीमारियों की दवाइयां और उपकरण सस्ते होंगे। वहीं स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर टैक्स कटौती से भी आम लोगों को लाभ मिलेगा।पूर्व मंत्री ने कहा यह कदम न केवल जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाला है बल्कि इससे स्वदेशी निर्माण और स्वदेशी वस्तुओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के प्रति आभार जताते हुए कहा यह निर्णय उनकी आम लोगों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। अमर बाउरी ने कहा कि जीएसटी कटौती का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचेगा और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित किया, वह आज देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव, उपाध्यक्ष राजा सिंहदेव, मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा,नगर अध्यक्ष सरायकेला बद्रीनारायण दरोगा, पूर्व नगर अध्यक्ष सोहन सिंह और बीजू डे सहित कई भाजपा नेता शामिल रहे।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने जमशेदपुर में स्वचालित जलापूर्ति और अपशिष्ट जल प्रणाली का किया शुभारंभ

- **सोनारी इलाके में मिलेगी क्वालिटी पानी, बिष्टुपुर में खुला ट्रीटेड वेस्ट वाटर रीसाइकिल सिस्टम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की शत प्रतिशत सब्सिडियरी वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने जमशेदपुर की जलापूर्ति और अपशिष्ट जल प्रबंधन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सुविधाओं का शुभारंभ किया. नव उद्घाटित परियोजनाओं में सोनारी वाटर टावर पर स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली, ऑटोमेटेड पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (पीएसटीपीएस) तथा बिष्टुपुर स्थित साउदर्न एसपीएस में ट्रीटेड वेस्टवॉटर रीसायकल सिस्टम शामिल हैं। ये पहलें शहर में सतत शहरी जल प्रबंधन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं।



इन सुविधाओं का उद्घाटन बिष्टुपुर स्थित सेंट्रल वाटर टावर से टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज डीबी सुंदरा रामम ने डिजिटल माध्यम से किया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भी उपस्थित रहे। सोनारी टावर का स्वचालन उपभोक्ताओं को तय समय पर निर्बाध और भरोसेमंद जलापूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। यह टावर आदर्श नगर, सी सेक्टर, ई सेक्टर, कागलनगर डी सेक्टर, नया लाइन टॉप, फ्लैट कॉम्प्लेक्स, न्यू खूटडीह, पीएनबी पंचवटी नगर, ओल्ड सोनारी, नॉर्थ लेआउट, नया लाइन (बॉटम), वेस्ट लेआउट (ए-एन), संगम विहार, सेवेंथ एक्सटेंशन, राम नगर सहित आसपास की कई कॉलोनियों को जल उपलब्ध कराता है।

इस पहल से हजारों परिवारों को अधिक नियमित, सुचारु और गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। स्वचालन से न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि जल की गुणवत्ता में निरंतरता बनी रहती है। साथ ही रियल-टाइम मॉनिटरिंग, बेहतर सुरक्षा, नियामकीय मानकों का पालन और लागत में बचत भी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में टाटा स्टील के चीफ कारपोरेट सर्विसेज प्रणय सिन्हा, चीफ टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड लॉजिस्टिक्स वरुण बजाज, टाटा स्टील यूआइएसएल के जेनरल मैनेजर वाटर एंड वेस्टवॉटर सर्विसेज संजीव कुमार झा तथा टाटा स्टील यूआइएसएल और टाटा स्टील की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी उपस्थित रही। इन अभिनव पहलों के जरिए टाटा स्टील यूआइएसएल ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह प्रौद्योगिकी-आधारित, सतत और आधुनिक शहरी सेवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन प्रयासों से न केवल जमशेदपुर की जल आपूर्ति और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और सशक्त होगी, बल्कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

## चोर गिरोह का किया खुलासा,छह बाइक बरामद



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** नीमडीह थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार को थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी राकेश कोडेक्या को गिरफ्तार एवं एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो मोटरसाइकिलों के साथ चार अन्य चोरी की गयी मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली। पूछताछ के दौरान आरोपी और विधि विरुद्ध बालक ने सरायकेला-खरसावां और जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। वे चोरी की गयी बाइक को 10 से 15 हजार रुपये में बेचते थे। अभियान के दौरान थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी के साथ धीरंजन कुमार, रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

## डायन प्रताड़ना मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल, पद्मश्री छुटनी महतो ने जतायी नाराजगी



**सीनी (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।हातिया गांव की रहने वाली कल्पना मंडल ने उनके साथ डायन प्रताड़ना की घटना होने का आरोप लगाया।पीड़िता का कहना है गांव के कुछ लोगों ने उन्हें डायन बताकर मारपीट की और घर के पेड़ काट दिए। घटना के बाद जब उन्होंने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उनके आवेदन से डायन प्रताड़ना संबंधी आरोप को हटाने का दबाव डाला और मामला केवल धारा 107 के तहत दर्ज कर एसडीएम कार्यालय भेज दिया।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पद्मश्री से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता छुटनी महतो ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा यह घटना सीधे-सीधे डायन प्रताड़ना का गंभीर मामला है, लेकिन पुलिस ने इसे साधारण झगड़े का रूप देकर कमजोर बना दिया। पीड़िता और उसका परिवार दहशत में जी रहे है।

# सरयू राय ने 1.96 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने डिमना चौक के समीप शनिवार को कुल 1,96,52,226 रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 1,55,13,020 रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और 41,39,206 रुपये की योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। यह सभी योजनाएं विधायक निधि से संचालित हैं।उद्घाटन की योजनाओं में मानगो शंकोसाई, कुंदर बस्ती, बैस्टिन नगर, बालीगुमा,ओल्ड पुरूलिया रोड, चंद्रप्रभा नगर, वास्तु विहार, गुरुद्वारा रोड, इंद्रा कालोनी, नीलगिरी कालोनी, हिल व्यू कालोनी, डिमना रोड, उलीडीह



थाना परिसर समेत कई इलाकों में सड़क, नाली, पेवर्स ब्लॉक पथ, डीप बोरिंग, प्रवेश द्वार, कलवर्ट, सौंदर्यीकरण और पेयजल से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।वहीं शिलान्यास योजनाओं में मानगो डिमना रोड, गौड़ बस्ती, हिल व्यू कालोनी, डिमना बस्ती, अंचल कार्यालय रोड, कालिका नगर, बिरसा रोड, श्यामनगर और खड़िया बस्ती में पीसीसी रोड, चापाकल अधिष्ठापन, आरसीसी नाली, डीप बोरिंग, सड़क निर्माण, सौंदर्यीकरण और कलवर्ट निर्माण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।विधायक सरयू राय ने कहा इन योजनाओं से स्थानीय नागरिकों की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा और इलाके में विकास कार्यों की गति और तेज होगी।मौके पर सहायक अभियंता मयंक कुमार, कनीय अभियंता सुबोध कुमार और महेश कुमार के साथ सुबोध श्रीवास्तव, पिंटू सिंह, नीरज सिंह, अमृता मिश्रा, मस्तान सिंह, पप्पू सिंह, संतोष भगत, नीरू सिंह, मुन्ना सिंह, बिजेंद्र सिंह, ममता सिंह, लालू गौड़, विनोद राय, नित्यानंद सिन्हा, श्याम सिंह, अनिमेष सिन्हा, निसार अहमद, सुनील सिंह, सुशील सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह (झून्ना), फातिमा शाहीन, संजीव मुखर्जी, राजीव सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## टाटा स्टील के कर्मचारियों के एकाउंट में पहुंची बोनस राशि

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए शनिवार का दिन खुशियां लेकर आया। कंपनी के कर्मचारियों के हुए बोनस समझौता के तहत उनके बैंक एकाउंट में बोनस की राशि पहुंच गयी। कंपनी प्रबंधन की ओर से बोनस का स्लिप के साथ कर्मचारियों को बोनस की राशि एकाउंट में भेज दिया गया। इसके बाद कर्मचारियों का बैंक एकाउंट पैसों से लबालब भर गया। कर्मचारियों को बोनस की राशि जैसे ही आयी और बैंक में पैसे क्रेडिट होने का मैसेज आया, वैसे ही कर्मचारियों के चेहरे खिल गये। उनके परिवार में भी खुशी की लहर दौड़ गयी।

# एमबीएनएस समूह के संस्थानों ने किया गुरु गौरव सम्मान 2025 का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमबीएनएस समूह के संस्थानों की ओर से गुरु गौरव सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। शनिवार को सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के ओएसडी परीक्षा विभाग डॉ प्रभात कुमार सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विवेक सिंह और निदेशक अनुपा सिंह ने की। संचालन और समन्वय मुख्तार अहमद ने किया। मौके पर डॉ प्रभात कुमार सिंह ने कहा शिक्षकों का योगदान समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा इस तरह के सम्मान से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करते हैं। अध्यक्षीय भाषण में विवेक सिंह ने कहा एमबीएनएस समूह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हैं। वहीं निदेशक अनुपा सिंह ने कहा शिक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और उनके योगदान को सदैव याद रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किये और आभार व्यक्त किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# गढ़वा में मिला युवक-युवती का शव घटनास्थल से पिस्तौल-चाकू बरामद

**दोनों मृतक पलामू जिले के बताये जा रहे हैं, मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाहा मोड़ के समीप शनिवार की सुबह एक युवक एवं एक युवती का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना स्थल से पुलिस ने एक पिस्तौल और चाकू भी बरामद किया है। दोनों शव लावारिस हालत में सड़क किनारे पड़े हुए थे।

सूचना मिलते ही गढ़वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों की पहचान कराने का प्रयास किया। हालांकि प्रारंभिक जांच में मृतकों की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

बाद में मृतका के परिजन गढ़वा थाना पहुंचे और शवों की पहचान की। मृत युवक की पहचान पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ गांव निवासी सुमित कुमार (26 वर्ष) तथा युवती की पहचान पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम गांव निवासी कृति कुमारी (24 वर्ष) के रूप में हुई।

**मृतका के पिता ने सुनाया घटनाक्रम :** मृतका के पिता शिवनाथ राम ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। शुक्रवार की दोपहर वह घर से यह कहकर निकली थी कि उसे राशन लेना है। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने फोन पर जानकारी ली। उस समय कृति ने परिजनों को बताया कि वह आज घर नहीं लौटेगी, क्योंकि उसके ससुराल में किसी की तबीयत खराब है। उसने कहा कि वह अगले दिन घर लौटेगी।

लेकिन देर रात करीब 1 बजे अचानक सूचना मिली कि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल है। बताया गया कि उस पर चाकू से हमला हुआ है और उसके साथ मौजूद युवक ने खुद को गोली मार ली है। सूचना मिलने के बाद परिवार घबराया और तुरंत अस्पताल जाने की तैयारी करने लगा। लेकिन इसी बीच पुलिस ने घटनास्थल से दोनों शव बरामद कर लिये।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** घटनास्थल से बरामद पिस्तौल और चाकू को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रारंभिक रूप से यह मामला प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

गढ़वा थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि युवक ने खुद को गोली मारी या फिर दोनों की हत्या की गयी है।

**इलाके में फैली सनसनी :** युवक और युवती का शव एक साथ मिलने से पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। घटना के बाद मृतका और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य पहुंची गढ़वा

# एसटी समुदाय के कल्याणार्थ अनुसूचित जनजाति आयोग की भूमिका से लोगों को कराया अवगत

**एसटी समुदाय के गढ़वा जिला के पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के साथ परिसदन भवन में बैठक कर किया संवाद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ० आशा लकड़ा की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति समुदाय के गढ़वा जिला के पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के साथ परिसदन भवन में बैठक की गयी। जिसमे सदस्य श्रीमती लकड़ा ने जनजातीय समुदाय के उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों आदि से परिचय प्राप्त किया एवं गढ़वा जिले में अपने आगमन के उद्देश्य से लोगों को अवगत कराया।

उक्त बैठक में संवाद के दौरान सदस्या श्रीमती लकड़ा द्वारा बताया गया कि देशभर के 705 से अधिक जनजातियों के विभिन्न समूहों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग कार्य करती है। उन्होंने आयोग की भूमिका से अवगत कराते हुए बताया कि जनजातीय समुदाय के हक-हुकूक व अधिकारों की रक्षा एवं उनके संरक्षण के लिए आयोग कार्य करती है। उन्होंने अपनी शिकायतों को दर्ज कराने हेतु ncstgrams.gov.inवेबसाइट से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त साइट पर अपनी शिकायतों को दर्ज कराई जा सकती है, जिस पर आयोग द्वारा उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने का कार्य किया जाता है। उक्त बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जनजातीय समुदाय के पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश आदि उपस्थित थें।

## मनरेगा योजना की लोकपाल ने की जांच

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के रारो गांव में आवेदक धर्मेंद्र यादव की शिकायत पर मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी गांव पहुंचे। इस दौरान उमेश यादव से संबंधित डोभा तथा कूप योजनाओं की स्थल पर जांच की। जांच के दौरान उन्होंने योजनाओं की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक तथ्यों को दर्ज किया। लोकपाल सुशील तिवारी ने कहा कि शिकायत के आलोक में योजनाओं की जांच की गयी। उन्होंने बताया कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है और फिलहाल मामला प्रक्रियाधीन है। बताते चलें कि धर्मेंद्र यादव का आरोप है कि बिना काम किये ही योजना की राशि की निकासी कर ली गयी है।

## इग्नू में नामांकन व पुन: पंजीकरण 15 तक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में संचालित इग्नु अध्ययन केंद्र में कम अंक वाले छात्र-छात्राएं भी स्नातक में नामांकन ले सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक है। उक्त जानकारी इग्नु अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. अर्जुन प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि वैसे छात्र-छात्राएं भी जिन्हे इंटर स्तर पर कम अंक प्राप्त हुए हों वे बीए तथा बीकॉम प्रतिष्ठा (मेजर), सामान्य में नामांकन करवा सकते हैं। इग्नु द्वारा यह विशेष अवसर शिक्षार्थियों के लिए प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्नात्तकोत्तर में इतिहास, हिन्दी, राजनीतिक विज्ञान, समाजशास्त्र तथा ग्राम विकास में डिप्लोमा कार्यक्रम (पीजीडीआरडी) विषयों में भी 15 सितंबर तक नामांकन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी विषय से स्नातक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष योग्यताधारी इन विषयों में नामांकन ले सकते हैं।

## आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण की ओर: विहंगम योग संस्थान का विशेष आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विहंगम योग संस्थान की जिला इकाई, गढ़वा के साधकों ने शनिवार को भाजपा के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्हें आगामी आध्यात्मिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। साधकों ने उन्हें विश्व के अद्वितीय आध्यात्मिक ग्रंथ स्वर्वेद की प्रति भेंट स्वरूप प्रदान की, जिसे आत्मिक चेतना के जागरण का प्रतीक माना जाता है। यह भव्य आयोजन भवनाथपुर टाउनशिप स्थित माइंस महाविद्यालय में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें तीन प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं। श्री शाही ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपनी तरफ से आश्वासन दिया और बताया कि वे पहले से ही स्वर्वेद महामंदिर धाम से परिचित हैं। उन्होंने वाराणसी स्थित विश्व के सबसे बड़े ध्यान-साधना केंद्र में दर्शन भी किये हैं। इस मौके पर बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के प्रो. बिरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, प्रदीप तिवारी, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## पंचायत भवन में उपस्थित रहने के लिए दिन निर्धारित

रंका (आजाद सिपाही)। रंकाकला पंचायत के मुखिया रणजीत सोनी एवं पंचायत सचिव किरण कुमारी ने संयुक्त रूप से पंचायत सचिवालय भवन में उपस्थित रहने, भवन खोलने एवं बैठने के लिए दिन का निर्धारण किया है। जिसमें सोमवार को पंचायत सचिव किरण कुमारी, मंगलवार को मुखिया रंजीत सोनी, बुधवार को रोजगार सेवक अर्पण बाखला, गुरुवार को पंचायत सहायक संदेश कुमार चौबे, शुक्रवार को अमरेंद्र कुमार, शनिवार को अरविंद साव एवं सीएससी (प्रज्ञा केंद्र) संचालक मोहित कुमार चौधरी को प्रतिदिन उपस्थित रहने का निर्धारण किया गया है।

## सन साइन किड्स स्कूल में मना शिक्षक दिवस



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र स्थित सन साइन किड्स स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कमलापुरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शुक्रवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी की छुट्टी होने के कारण शिक्षक दिवस शुक्रवार को नहीं मनाया जा सका था इसलिए विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी अर्चना चौबे, शिक्षिका ज्योति कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजलि कुशवाहा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ और बच्चे उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी गढ़वा रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्टिकर लगाकर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई और उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंन आदर्श बाल विकास विद्यालय रंका, एसके इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, सनशाइन पब्लिक स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के साथ-साथ मुख्यमंत्री सारथी योजना कंप्यूटर सेंटर के बच्चों को स्टीकर लगाया। इस कार्य में उनकी धर्मपत्नी पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, रवि भारत गैस हुआ होंडा शोरूम के प्रोपराइटर रवि शंकर पांडेय एवं पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने भी योगदान किया।

## सगमा में महिला प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शुरू

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित प्रशिक्षण सभागार में शनिवार को सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्रखंड प्रमुख अजय साह, बीडीओ विमल कुमार सिंह तथा प्रशिक्षक अर्चना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी को सशक्त बनाना और उन्हें स्वशासन व विकास की प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।

# डंडई में यूरिया खाद को लेकर उमड़ी भारी भीड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डंडई ।** डंडई प्रखंड मुख्यालय में एक बार फिर यूरिया खाद को लेकर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार प्रखंड के पंजीकृत खाद दुकान हर्ष राज बीज भंडार (मुख्यालय) और लवाहीकलां स्थित रिशु खाद बीज भंडार पर दिनभर किसानों का जमावड़ा लगा रहा। लवाही में खाद लेने पहुंचे किसान शिवराज साह, अनीता देवी, मनोज सिंह, तारा देवी, सुनील यादव, सुरती देवी, शिवनाथ यादव, अरविंद कुमार, शिशुपाल सिंह समेत सैकड़ों किसानों ने बताया कि वे कई दिनों से खाद के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नसीब नहीं हो पा रहा। किसानों ने आरोप लगाया गया कि दुकानदार पहले से खाद लेने वाले किसानों को ही बार-बार खाद दे रहे हैं। कई किसानों ने कहा कि खाद की गाड़ी पहुँचने से पहले ही बुकिंग कर ली जाती है, जिससे बाकी किसान पूरे दिन लाइन में खड़े रहने के बावजूद वंचित रह जाते हैं।

इधर, दुकानदार राजकुमार प्रसाद ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार नियमानुसार किसानों के बीच खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद लेने वालों की संख्या अधिक है और इस बार आपूर्ति कम मिली है, ऐसे में एक साथ सभी को खाद देना संभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बारी-बारी से सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराया जायेगा।

# केतार : 'खबर का असर' सीएस ने आरोपी एएनएम पर की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**


एएनएम पर परिजनों ने नवजात बच्चे को जान से मारने का लगाया गंभीर आरोप




**केतार।** आजाद सिपाही दैनिक अखबार में 24 जुलाई के संस्करण में 'एएनएम पर परिजनों ने नवजात बच्चे को जान से मारने का लगाया आरोप' नामक प्रकाशित खबर पर गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर सीएस डॉ जॉन एफ केनेडी ने एक्शन लेते हुए आरोपी एएनएम बबीता कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर केतार से स्थानांतरित कर दिया है। विदित हो कि 22 जुलाई 2015 को केतार निवासी मंटू विश्वकर्मा अपनी पत्नी का प्रसव के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर केतार में भर्ती करवाया था। मंटू की पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया था, परंतु नवजात नहीं बच पाया था। साथ ही महीने में तीन नवजात की मौत की पुनरावृति हुई थी। इस घटना की आजाद सिपाहीअखबार में प्रमुखता से लगातार खबर प्रकाशित की गयी थी। जिसके बाद सीएस के द्वारा 31 जुलाई को मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच करवाया गया था। टीम के जांच रिपोर्ट के अनुसार सीएस ने करवाई करते हुए मुख्य आरोपी एएनएम बबीता कुमारी के साथ उसी आरोग्य मंदिर में पदस्थापित निर्दोष एएनएम पविता कुमारी को स्थानांतरण किया है।

मुख्य आरोपी बबीता कुमारी को रंका के चिपकली आरोग्य मंदिर एवं पबिता कुमारी को धुरकी सामुदायिक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया है।

## लगमा के कैलाश पर्वत पर मिला 1818 का चमत्कारी सिक्का

# सिक्का को घर ले जाने वाली बच्ची सहित आधा दर्जन को सर्प ने डसा

**सिक्का बेचने का प्रयास करने वाली महिला की मौत, घटना के बाद सम्मान पूर्वक सिक्का को रखकर पूजा अर्चना शुरू**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** लगमा के कैलाश पर्वत पर मिला एक चमत्कारी सिक्का के दर्शन पूजन के लिए आसपास के लोगों का भीड़ उमड़ने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वहां एक बच्ची को सन 1818 का प्राचीन सिक्का मिला जिस पर एक तरफ राम दरबार का तथा दूसरा तरफ बजरंगबली का तस्वीर है। बच्ची ने उस सिक्का को अपनी मां को दिया जिसने उसे बेचने के लिए गढ़वा के सोनार के पास गई परंतु वह सिक्का नहीं बिका। उस सिक्के को लेकर घर आ गयी, उसी रात में मां और उस बच्ची तथा घर के अगल-बगल आधा दर्जन अन्य लोगों को भी एक सर्प ने डस लिया, जिससे बच्ची की मां की मौत हो गयी। जबकि शेष लोग इलाज के बाद ठीक हो गये। इस घटना से गांव के लोगों में दहशत फैल गयी, इसके बाद कैलाश पर्वत के पुजारी को बुलाकर सम्मान पूर्वक उस सिक्का को शिव पहाड़ी स्थित मंदिर में रख कर पूजा अर्चना की गयी। लोगों का कहना है कि पूजा अर्चना के बाद अब गांव में किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हो रहा है। उस मौके पर मिथलेश कुमार सोनी, जयराम पाण्डेय, आशीष गुप्ता, विवेक कुमार, मद्धेशिया, राजा चौधरी, मुकेश गुप्ता, फरीद अंसारी, रवि शर्मा, पवन चौधरी सहित कई लोग थे।

## मिट्टी की मूर्तियां बनाने वाले शिल्पकारों को कॉफी पर आमंत्रण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासन और जनसमुदाय के बीच संवाद को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले ह्लकॉफी विद एसडीएमह्व कार्यक्रम की अगली कड़ी में इस बार विशेष रूप से मिट्टी की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार / शिल्पकार आमंत्रित किये गये हैं। एसडीएम संजय कुमार इन कलाकारों से कॉफी पर अनौपचारिक संवाद करेंगे। संवाद के दौरान शिल्पकारों के कार्यों, परंपरा, कला-संरक्षण, बाजार उपलब्धता, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव और उनकी कठिनाइयों एव चुनौतियों पर चर्चा की जायेगी। आगामी बुधवार 10 सितंबर को इस संवाद कार्यक्रम में सहभागिता निभाने हेतु पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय जरूर पधारें।

# प्रांतीय विज्ञान मेला में स्थान प्राप्त भैया-बहन सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, की बाघमारा धनबाद में आयोजित प्रांतीय विज्ञान मेला में विद्यालय की कक्षा पंचम ब की बहन प्रांजल शुभ्रा ने 'बल आधारित प्रदर्श' पर पूरे झारखंड में शिशु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बाल वर्ग में कक्षा अष्टम अ के भैया विपुल कुमार ने 'एक्सीडेंट सेंसर' पर पूरे झारखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें विद्यालय में पुरस्कृत किया गया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि बहन प्रांजल शुभ्रा सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज (बिहार) में क्षेत्रीय विज्ञान मेला में भाग लेंगी। इस उत्कृष्ट सफलता के लिए विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने चयनित भैया बहन को मार्गदर्शक विज्ञानाचार्य एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी हैं।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में शिक्षक दिवस मना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में शिक्षक दिवस बहुत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि अलख नाथ पांडेय, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और विद्यालय के निदेशक हैं, और विद्यालय के प्रधानाचार्य केआर झा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। साक्षी और उनकी साथियों ने एक मधुर गीत गाया जिसने सबका मन मोह लिया। निधि प्रिया और उनके साथियों के द्वारा अद्भुत नृत्य प्रदर्शन को दर्शकों से खूब तालियां मिलीं। संवि आनंद कक्षा 10 ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन इतिहास पर एक भाषण दिया। हेड गर्ल कक्षा 10 की छात्रा पलक सिंह ने इस अवसर पर एक कविता सुनायी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य केआर झा ने डॉ. राधाकृष्णन के शानदार करियर पर प्रकाश डाला, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद, प्रसिद्ध दार्शनिक, लेखक, नेता, प्रशासक और एक राजनयिक थे, लेकिन खुद को एक शिक्षक मानते थे और एक शिक्षक कहलाने पर गर्व महसूस करते थे।

विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय ने इस भव्य अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी और सभी शिक्षकों को आजीवन सीखने वाले बनने की आदत विकसित करने और बच्चों को पढ़ने, लिखने, बोलने और सोचने के कौशल को निखारने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी।

## हार्मोनी इंग्लिश मीडियम इंटरनेशनल स्कूल बड़गड़ में शिक्षक दिवस मना




बड़गड़ (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। स्थानीय हार्मोनी इंग्लिश मीडियम इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर प्रिंसिपल नायला अंब्रिन ने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहा है और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। मौके विद्यालय के अध्ययनरत बच्चों ने नाटक, नृत्य व संगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर डाइरेक्टर राकेश कुमार वर्मा, ओमप्रकाश, चंदन प्रसाद, नोरीन केरकेट्टा, खुशी मंडल, नेहा गुप्ता, अनुश्री, राधा शर्मा, मरसी केरकेट्टा, आराध्या तिवारी आदि उपस्थित थे।

## एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में कोशिकी नृत्य का आयोजन

मेराल (आजाद सिपाही)। आनंद मार्ग प्रचारक संघ द्वारा शनिवार को एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में छात्र एवं छात्राओं के बीच कोशिकी नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गढ़वा जिला के भुक्ति प्रधान सह विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति द्वारा प्रदत कौशिकी नृत्य शारीरिक और मानसिक रोगों की औषधि है। इसे प्रतिदिन सुबह शाम तीन मिनट खाली पेट करके अनेकानेक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके अलावा आर के सीएम गर्ल्स हाई स्कूल गढ़वा में अवधूतिका चयनिका आचार्या दीदी के द्वारा भव्य कौशिकी नृत्य प्रशिक्षण कराया गया।

## भवनाथपुर सेल के पूर्व कर्मचारी और यूनियन नेता शंभु सिंह का निधन


शंभु सिंह का फाइल फोटो।

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सेल के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पूर्व भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के यूनियन नेता शंभु सिंह 71 वर्ष का निधन यूपी के अलीगढ में अपने बेटे डॉ सतीश सिंह के आवास पर हो गयी। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका शव देर शाम पैतृक गांव पलामू जिले के रामपुर लाया जायेगा। शंभु सिंह अपने जीवनकाल में मजदूरों की समस्याओं को लेकर हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे। सेल की खदानों में श्रमिकों के हक के लिए उन्होंने कई बार प्रबंधन के खिलाफ लंबी आंदोलन किया। संघर्ष के कारण उन्हें सस्पेंड भी होना पड़ा, लेकिन उनकी छवि मजदूर हितैषी नेता की बनी रही। शोक करने वालों में इंटक नेता प्रदीप चौबे, आलोक त्रिपाठी, सुशील चौबे, एटक नेता गणेश सिंह, नंदलाल पाठक, जितेंद्र चौबे, रामविजय साह, दीपक जयसवाल, ध्रुव नारायण दुबे सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## सनातन धर्म के पवित्र पर्वों को लेकर सुनील अग्रवाल ने की सफाई व्यवस्था की अपील

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्री राम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने आगामी धार्मिक पर्वों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रमुख पर्वों की श्रृंखला शीघ्र आरंभ होने जा रही है। इस अवसर पर विशेष रूप से पितृपक्ष और नवरात्रि पर्व का आयोजन किया जायेगा, जिसके चलते जिले भर में तालाब, मठ, मंदिर, चौक-चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होंगे। सुनील अग्रवाल ने कहा कि 7 सितम्बर 2025 से पितृपक्ष का शुभारंभ हो रहा है, जो पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने का पवित्र अवसर है। इस दौरान विधिपूर्वक तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मणों और जीवों को भोजन और दक्षिणा देने की परंपरा निभाई जाती है। इससे पितृदोष समाप्त होता है, वंश में सुख-समृद्धि और आशीर्वाद की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से पितर-पक्ष के दौरान जलाशयों में पिंडदान और तर्पण कार्य संपन्न कर श्रद्धालु अपने पूर्वजों को याद करते हैं। इसके पश्चात 22 सितम्बर 2025 से नवरात्रि पर्व आरंभ होगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-पाठ, दर्शन, मेला, मूर्ति पूजन व विसर्जन हेतु जिले का रुख करेंगे। इस दौरान अनेक स्थानों पर मांस-मछली विक्रय, सड़क किनारे कचरा फैलाने और तालाबों में गंदगी का तात्कालिक निस्तारण अत्यंत आवश्यक हो जाता है। जय श्री राम समिति लोहरदगा की ओर से नगर पालिका प्रशासन से विशेष अनुरोध किया गया है कि वे इन धार्मिक आयोजनों के सफल संचालन हेतु स्वच्छता और व्यवस्था में विशेष ध्यान दें, ताकि श्रद्धालु पवित्र वातावरण में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें और पूरे जिले का नाम उज्जवल रहे।

## जल मीनार एक माह से खराब



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुचिला टोला टेवरही में स्थित जल मीनार पिछले एक माह से खराब पड़ा हुआ है। इस वजह से लगभग 25 घरों के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल नल योजना के तहत लगाये गये अधिकांश जल मीनार महज दिखावा साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को इसका सही तरीके से लाभ नहीं मिल पा रहा। इसी का परिणाम है कि कुचिला पंचायत के टेवरही टोला में लगाये गये जल मीनार अब गांव में शोभा की वस्तु बन कर रह गया। इस संबंध में टेवरही टोला के ग्रामीणों मिठ्ठू कुमार, धारी राम, नंदू राम, कुंदन राम और पंकज राम ने बताया कि एक माह से अधिक समय से जल। मीनार खराब पड़ा हुआ है। पंचायत के मुखिया समेत पेयजल और स्वच्छता विभाग के विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकायत की गयी, लेकिन अब तक मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। जलमीनार नहीं बनने से लोगों को परेशानी हो रही है। पानी की समस्यादूर कराने के लिए महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द जल मीनार की मरम्मत कराने की मांग की है। ताकि उन्हें इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

## भवन निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृति अब जिला परिषद कार्यालय से अनिवार्य



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि झारखंड यूनिफाइड बिल्डिंग बाइलॉज 2016 के प्रावधानों के अनुसार राज्य के पंचायत राज संस्थाओं के क्षेत्राधिकार क्षेत्रों में पांच हजार वर्ग फीट अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल वाले पक्के आर.सी.सी. छत वाले भवनों का नक्शा अब संबंधित जिला परिषद से स्वीकृत कराना अनिवार्य कर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि निदेशक, पंचायत राज, झारखंड रांची के स्पष्ट निर्देशानुसार 10 अक्टूबर 2017 से लागू उक्त बायलॉज का पालन प्रत्येक जिले में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में दिनांक 19.08.2025 को आयोजित जिला परिषद, लातेहार की बैठक और 21.08.2025 को पारित प्रस्ताव संख्या-94 के तहत यह निर्णय लिया गया कि झारखंड बिल्डिंग बाइलॉज का सफल क्रियान्वयन हर हाल में सुनिश्चित कराया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी आम और खास नागरिकों और जिले की कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया जाता है कि पांच हजार वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों का नक्शा अनिवार्य रूप से जिला परिषद कार्यालय से स्वीकृत करायें। यदि बिना नक्शा स्वीकृति के इस प्रकार का भवन निर्माण कराया जाता है तो झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 के प्रावधानों के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## बारियातू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जल्द होगा शुरू



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम स्थित रांची-चतरा मुख्य सड़क (एनएच-99) के किनारे भवन विभाग द्वारा निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अब लास्ट मील केयर प्रा. लि. द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जायेंगी। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ की तैयारी अंतिम चरण में है। लातेहार उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, बारियातू प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान तथा बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक लगातार निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। शनिवार को बीडीओ अमित कुमार पासवान ने बताया कि बारियातू प्रखंड में कुल नौ पंचायत हैं और यहां की आबादी लगभग 70 हजार है। लेकिन विडंबना यह है कि प्रखंड में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। इसी को देखते हुए लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने लास्ट मील केयर प्रा. लि. से वार्ता कर बारिखाप स्थित इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल संचालन की अनुमति प्रदान की है। इस कदम से प्रखंडवासियों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी। अधिकारियों ने बताया कि तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है और स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ बहुत जल्द कर दिया जायेगा।

## दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रामलगन महतो



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रखंड मुख्यालय स्थित मेन रोड दुर्गा मंदिर परिसर प्रांगण में 2025-2026 मे धूमधाम के साथ भक्ति भाव से दुर्गा पूजा मनाने के लिये बैठक का आयोजन कर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राम लगन महतो को लगातार दूसरी बार सेन्हा चौक स्थित दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष और रंजीत कुमार साहू सचिव और सह सचिव उज्वल शुक्ला को बनाया गया। जगदीश महतो को कोषाध्यक्ष और अशोक महतो उपाध्यक्ष अशोक महतो चुना गया। टेंट प्रभारी का दायित्व सूर्य प्रकाश शिवाजी को साउंड प्रभारी संदीप साहू, विद्युत प्रभारी शिवाल महतो और संरक्षक जयनाथ साहू,संतोष महतो,केदारनाथ साहू को बनाया गया है। वही मीडिया प्रभारी पंकज महतो का चयन किया गया। वही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राम लगन महतो ने बताया कि सेन्हा चौक में धूम धाम से श्रद्धा भक्ति से मनाया जायेगा। साथ ही पूजन के दौरान महिला पुरुष और बच्चे बच्चियां सहित सभी भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका सम्पूर्ण ख्याल रखा जायेगा। आस्था के साथ भक्ति भाव से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। पूजा की तैयारी में अभी युवकों को लग जाने के लिये अपील किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

## आधे घंटे तक तड़पता रहा घायल मरीज, नहीं थे कोई डॉक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका।** थाना क्षेत्र के महादेव मोड़ के पास शनिवार की सुबह हाइड्रा और मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये दोनों घायलों को मनिका पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों की पहचान भोला प्रसाद चतरा व सोनू कुमार हजारीबाग के रूप में हुई। वही रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही भोला प्रसाद की मौत हो गयी। फोरलेन में कार्य कर रहे हाइड्रा लातेहार से पलामू की और जा रही थी वहीं पलामू से लातेहार की ओर मोटरसाइकिल सवार दोनों ही युवक जा रहे थे तभी महादेव मोड़ के पास दुर्घटना घटी। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण और प्रशासन के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका दोनों घायलों को लाया गया जहां लगभग आधे घंटे तक घायल मरीज तड़पते रहे लेकिन कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं थे। कुछ देर के बाद सत्येंद्र कुमार नामक कंपाउंड जाकर घायलों को प्राथमिक उपचार किया। तब डॉक्टर पहुंचे। मनिका प्रखंड पिछड़ा प्रखंड है जहां स्वास्थ्य व्यवस्था काफी लचर है मनिका अस्पताल में डॉक्टर की भारी कमी है जिसके कारण कई मरीज इलाज के अभाव में स्वास्थ्य सुविधा लेने से वंचित रहते हैं।

# ठनका गिरने से समाजसेवी रामनाथ यादव की मौत, पत्नी और एक अन्य बच्चा घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रामपुर के रहने वाले वरिष्ठ राजद नेता सह समाज सेवी राजनाथ यादव की ठनका गिरने से मौत हो गयी वंही उनकी धर्मपत्नी और एक अन्य बच्चा पुरी तरह से घायल होकर बेहोश हो गये जंहा उन दोनों का प्राथमिक उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो के नेतृत्व में मेडिकल की टीम कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार अपराह्न लगभग 2:15 बजे की है। मृतक रामनाथ यादव अपनी धर्मपत्नी और एक अन्य बच्चे के साथ पशु चराने महुआडांड स्थित भंडार बाड़ी के पीछे गये हुए थे। उसी दरम्यान अपराह्न लगभग 2:15 बजे आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश होने लगी और इसी दरम्यान वज्रपात हुई जिसके चपेट में आने से घटनास्थल पर ही रामनाथ यादव की मौत हो गयी वहीं उनकी धर्मपत्नी शोभा देवी और एक अन्य बच्चा मनोज असुर बुरी तरह से घायल होकर बेहोश हो गये। आसपास के रहने वाले ग्रामीणों को जैसी ही जानकारी मिली आनन-फानन में उनलोगों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड लाये जंहा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने जांचोपरांत रामनाथ यादव की मौत हो जाने की पुष्टि की वहीं उनकी धर्मपत्नी और बच्चे की गंभीर स्थिती को देखते हुए ऑक्सीजन पर रखकर ईलाज किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही महुआडांड थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में महुआडांड थाना पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गयी है। पुलिस के द्वारा अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। समाजसेवी सह राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ यादव की मौत की सूचना मिलते ही देखने के लिए राजनीतिक पार्टी से उपर उठकर जनप्रतिनिधी और आम जनों की भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में उमड़ पड़ी। कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधी मो. इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस के प्रखंड युवा अध्यक्ष आमिर सुहैल, भानू प्रसाद, अजय प्रसाद, रामनरेश ठाकुर, चंपा पंचायत की मुखिया सुषमा कुजूर आदि समेत सैंकड़ों आम लोग और जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनो को सांत्वना दिया व हर संभव सहयोग करने की बात कही।

## शिक्षा सभी के लिए समान हो: हेमंत सिन्हा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर आयोजित भारतीय शिक्षा बोर्ड वर्तमान समय में आवश्यक विषय पर चर्चा रखी गयी। इस विषय पर जिला के प्रबुद्धजन, शिक्षक और अधिवक्ता मौजूद थे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमन्त कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए समान और रोजगारोन्मुख होनी चाहिए। जो सिर्फ डिग्री देनेवाली न होकर स्किल को बढाने वाली और व्यावहारिक हो और तकनीकयुक्त हो और जिसमें धनी अथवा गरीब सभी बच्चे बिना किसी भेदभाव के शिक्षा ग्रहण कर सकें। जो कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण या उन्नति के लिए आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही शिक्षित और विकसित समाज का निर्माण होता है। इस अवसर पर बोलते हुए आचार्य गणेश शास्त्री ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके समाज और राष्ट्र के ऊपर उनके योगदान और वर्तमान समय में शिक्षकों और छात्रों के बीच सम्बन्ध पर प्रकाश डाला।

# अनंत चतुर्दशी पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से शांति आश्रम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।इस दौरान नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल ऑक्सीजन मिलती है, बल्कि जलवायु नियंत्रण, जल संरक्षण और मिट्टी कटाव रोकने जैसे बड़े फायदे भी होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्रहित में समर्पित है। नगर उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने बताया कि पेड़ हवा से हानिकारक प्रदूषक हटाकर वायु गुणवत्ता में सुधार लाते हैं। वहीं सक्रिय सदस्य विजय खत्री ने कहा कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। नगर महामंत्री सरस्वती देवी ने लोगों से अपील की कि हर नागरिक अपने-अपने क्षेत्र में पेड़ लगाये ताकि पर्यावरण सुरक्षित और स्वच्छ रहे। बूथ अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाना चाहिए जिससे हवा प्रदूषण मुक्त हो सके।

# मिशन वात्सल्य को लेकर बाल विवाह संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त व उप-विकास आयुक्त के निर्देशानुसार और सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के मार्गदर्शन पर पेशरार प्रखंड के सभागार में मिशन वात्सल्य के तहत बाल विवाह रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर में प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी- अजय कुमार तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह आज भी हमारे समाज की एक गंभीर समस्या है, जो न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन करता है, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग हर जिले में बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं और इसे रोकने के लिए सभी स्तरों पर ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

अंचल अधिकारी पवन कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा ने प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में रखता है और इसके उल्लंघन पर दंड का प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की जानकारी होना और उसका पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें उन वर्गों को भी शामिल किया गया, जिनकी भूमिका बाल विवाह की प्रक्रिया में अनजाने में जुड़ जाती है, जैसे टेंट वाले, बैंड-बाजा वाले और अन्य आयोजनकर्ता। उन्हें विशेष रूप से समझाया गया कि यदि वे बाल विवाह से जुड़े किसी भी आयोजन में सहयोग करेंगे तो वे भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। इस पहल से स्पष्ट संदेश गया कि बाल विवाह अब किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा।

संरक्षण पदाधिकारी (संस्थानिक देखरेख) अनुरंजन कुमार ने कार्यक्रम में मिशन वात्सल योजना की संक्षिप्त जानकारी दी और बाल विवाह अधिनियम के तहत बताया कि बाल-विवाह प्रतिषेध अधिकारी राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, संपूर्ण राज्य या उसके ऐसे भाग के लिए, जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिकारी के नाम से ज्ञात, किसी अधिकारी या अधिकारियों की नियुक्ति करेगी, जिसकी अधिकारिता, अधिसूचना में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या क्षेत्रों पर होगी।

राज्य सरकार, समाज सेवा में विख्यात किसी स्थानीय सम्मानीय सदस्य या ग्राम पंचायत या नगरपालिका के किसी अधिकारी से या सरकार के अथवा किसी पब्लिक सेक्टर के उपक्रम के किसी अधिकारी से या किसी गैर-सरकारी संगठन के किसी पदाधिकारी से बाल-विवाह प्रतिषेध अधिकारी की सहायता करने के लिए अनुरोध कर सकेगी और, यथास्थिति, ऐसा सदस्य, अधिकारी या पदाधिकारी तद्नुसार कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख, सोशल वर्कर स्नेहलता तिग्गा, विधि-सह परीवीक्षा पदाधिकारी अफान खान सभी बाल विवाह निषेध पदाधिकारी- बाल विकास परियोजना पदाधिकारी महिला पर्यवेक्षका पंचायत सचिव, पंचायत के मुखिया, पैरा लीगल वालंटियर, ग्राम प्रधान, विभिन्न धर्म गुरु आदि मौजूद रहे।

## झामुमो के कद्दावर नेता सुरेश गंझू पंचतत्व में विलीन, हजारों कार्यकर्ताओं ने दी अंतिम विदाई



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला लातेहार के कद्दावर नेता स्व. सुरेश गंझू का अंतिम संस्कार चंदवा प्रखंड के कैला खाड़ घाट पर हजारों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उनके अंतिम यात्रा में झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव सहित जिले के शीर्ष पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। भावपूर्ण माहौल में कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में शामिल नेताओं ने सुरेश गंझू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन संगठन और जिले की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। अंतिम संस्कार में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना देवी, पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष कामेश्वर भोक्ता, समसुल होदा, वारिश अंसारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, इनायत करीम, अहद खान, ईश्वर उरांव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव अंकित तिवारी समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कैला खाड़ घाट पर हजारों लोगों ने नम आंखों से सुरेश गंझू को श्रद्धांजलि दी और उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## संस्कार ही शिष्टाचार है, इसे बरकरार रखने की है जरूरत : गिरिनाथ सिंह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शिष्टाचार अथवा विनम्रतापूर्वक और शालीनता पूर्ण आचरण ही वह आभूषण है जो मनुष्य को आदर और सम्मान दिलाता है। शिष्टाचार, व्यवहार का नैतिक मापदंड जिस पर सभ्यता और संस्कृति का भवन निर्माण होता है। एक दूसरे के प्रति सदभावना, सहानुभूति व सहयोग आदि शिष्टाचार के मूल आधार है। इसलिए संस्कार ही शिष्टाचार है, इसे बरकरार रखने की जरूरत है। उक्त बातें गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने थाना रोड स्थित साहू भवन में पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व राज्यसभा सांसद से वर्षों पुरानी पारिवारिक जुड़ाव रही है यही कारण है कि निरंतर वे उनसे मिलने आते रहते है। शिष्टाचार का क्षेत्र बहुत व्यापक है। जहां-जहां भी एक-दूसरे व्यक्ति से संपर्क होता है वहां शिष्टाचार की जरूरत होती है। जिसे निरंतर बनाए रखने की जरूरत है। मौके पर उनके अलावा उदय गुप्ता, निश्चय वर्मा, अमित वर्मा सहित अन्य शामिल थे।

## भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की हुई पूजा



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति भाव से भगवान विष्णु का अनंत स्वरूप का पूजन किया गया। वही युवक और युवतियों ने उपवास रखकर भगवान विष्णु का विधिवत पूजा-अर्चना किया। पूजा के उपरांत पुरोहितों द्वारा भक्तों के बाजू में अनंत सूत्र को बाधा गया। पूरे विधिविधान से भगवान विष्णु का अनंत स्वरूप का पूजा कराया गया। वहीं पुरोहित अवनीश पाठक और राजेश पाठक ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग मे अनंत चतुर्दशी व्रत की शुरुआत हुई थी। वेद शास्त्र के अनुसार भादो माह के शुक्ल पक्ष चतुर्दशी थिति को भगवान श्री विष्णु जी का प्रिय दिन माना जाता है। साथ इस दिन देव और दानव मिल कर समुद्र मंथन किये थे। जिसमें विष, अमृत, मदिरा, ऐरावत हाथी, कल्पतरु वृक्ष सहित अन्य चीजों की प्राप्ति हुई थी। साथ ही भगवान द्वारा सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों की रचना किया था। जिसे भक्तों द्वारा पालन और रक्षा कराने के लिए भगवान श्री विष्णु जी स्वयं भी अनंत स्वरूप में प्रकट हुए थे। जिस के पश्चात ही भादो माह शुक्ल पक्ष के दिन भगवान श्री विष्णु जी का अनंत स्वरूप का पूजन होने लगा। अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान श्री विष्णु जी को प्रसन्न करने वाला प्रिय व्रत में से एक है। जिसे भगवान श्री हरि अनंत चतुर्दशी का पूजन से संतुष्ट हो कर भक्तों को अनंत फल दे कर सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। वही पूजा के बाद भक्तों ने भगवान श्री विष्णु जी सुख समृद्धि और मङ्गल कामना के लिये प्रार्थना कर प्रसाद ग्रहण किया।

## कवलजीत सिंह बने लोहरदगा-गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में आयोजित ट्रक ओनर एसोसिएशन के चुनाव में कवलजीत सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद और संरक्षक धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लगभग 800 ट्रक मालिकों की भागीदारी रही। सभा में ट्रक मालिकों ने प्रमुख समस्या के रूप में कई अलग-अलग ट्रक एसोसिएशन होने से कार्य संचालन में असुविधा और आपसी तालमेल की कमी का उल्लेख किया। सभी ने मिलकर एक एकीकृत संगठन की आवश्यकता जताई ताकि ट्रक मालिकों के हित को मजबूती मिले। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा बॉक्साइट ट्रक ओनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक वाला एसोसिएशन विमरला और लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन की वर्तमान कमेटियों को भंग करने और नए चुनाव की घोषणा की। इसके बाद कवलजीत सिंह का नाम अध्यक्ष पद के लिए सभी ने एक स्वर से चुना। सचिव पद पर चंदवा से रोहित अग्रवाल, बनारी से मुद्रिका यादव एवं नारी नवाडीह से रहमान अंसारी निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष के रूप में लोहरदगा से अभय सिंह चयनित हुए। संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ट्रक मालिकों के लंबित वर्षों से चले आ रहे चुनाव की मांग को ध्यान में रखते हुए आज चुनाव संपन्न हुआ। उन्होंने नये अध्यक्ष व पदाधिकारियों को बधाई दी और ट्रक मालिकों के हित में प्रशासनिक मामलों में हर समय सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गुरूदरी, सेरेगदाग, जालिम, भैंस बथान, अमतीपानी कुजाम, चिरोड़ीह, विमरला सहित लातेहार, गुमला व लोहरदगा जिलों के ट्रक मालिक भारी संख्या में उपस्थित थे। पूरे आयोजन में उपस्थित समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने भी संगठन के एकीकरण पर जोर दिया। भारी भीड़ के बीच सभी ने नारों और बुके से संरक्षक धीरज प्रसाद साहू का स्वागत कर नई कमेटी को शुभकामनाएं दीं।

## एक साल में पुलिस से हुई चार मुठभेड़ चारों में ही बच निकला शशिकांत गंझू

मंटू उमेश



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव का रहने वाला उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का जोनल कमांडर शशिकांत गंझू पिछले दो दशक से झारखंड पुलिस के निशाने पर है। झारखंड सरकार ने शशिकांत पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा है। शशिकांत गंझू फिलहाल टीएसपीसी का सुप्रीमो है। साल 2021 के बाद से शशिकांत गंझू के दस्ते के साथ पलामू और चतरा पुलिस की लगभग एक दर्जन से अधिक बार मुठभेड़ हो चुकी है, लेकिन हर मुठभेड़ में शशिकांत बच निकला है। बुधवार को भी पलामू पुलिस के साथ शशिकांत के दस्ते की मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिस के दो जवान शहीद और एक जवान घायल हुआ है। बतातें चलें कि शशिकांत गंझू कभी माओवादियों का कैडर हुआ करता था। बाद में टीएसपीसी में शामिल हुआ और कमांडर के बाद एरिया कमांडर, फिर जोनल कमांडर बन गया। शशिकांत अपने के पास हर समय एके-47 रखता है। पलामू और चतरा सीमा पर वह पिछले दो दशक से सक्रिय है। पलामू के मनातू, पांकी, पिपराटांड़, तरहसी, नावाजयपुर और चतरा के लावालौंग, प्रतापपुर एवं कुंदा इलाके में शशिकांत सक्रिय है। यह इलाका शशिकांत गंझू का गढ़ माना जाता है। यही वजह है कि हर बार पुलिस एवं सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में वह बच निकलता है।

### शशिकांत को टीएसपीसी में मिली है बड़ी जिम्मेदार

शशिकांत गंझू को टीएसपीसी में बड़ी जिम्मेवारी मिली थी। कुछ दिनों पहले टीएसपीसी के सब जोनल आक्रमण गंझू गिरफ्तार हो गया था। जिसके बाद शशिकांत को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पिछले दिनों हुए मुठभेड़ में टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंजू, मुखदेव यादव सहित छह के खिलाफ मनातू पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।

## देश के नव निर्माण में युवा अपनी भागीदारी तय करें: आशा लकड़ा

- राष्ट्रीय जनजाति आयोग की ओर से रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में युवा संवाद का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करतीं आशा लकड़ा।

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय (विवि) सभागार में शनिवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका आयोजन राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर संयुक्त रूप से किया था। इसमें बतौर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा शामिल हुईं। उन्होंने विवि के विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें अपने कार्यों के प्रति प्रेरित किया। आयोग के गठन एवं उसके कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा संवाद एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें युवाओं को नीति निमार्ताओं, विशेषज्ञों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ जुड़ने, अपने विचार व्यक्त करने और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं की भागीदारी बढ़ाना, उनकी चिंताओं को समझना एवं उन्हें सशक्त बनाना है, ताकि वे राज्य ही नहीं, बल्कि देश के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर देशभर के जनजाति समाज के लोगों का सम्मान बढ़ा दिया है। वहीं, देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला को बिठाकर जनजाति समुदाय के प्रति अपनी सोच को उजागर किया है। कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज के हितों की रक्षा के लिये सभी को आगे आना होगा। वहीं, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा शक्ति वाला देश है। देश के युवाओं को अपनी जिम्मेवारी समझनी होगी। उप कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रजिस्टर देवाशीष मंडल, लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या नूतन रानी, भाजपा नेत्री रूपा सिंह, भाजपा के गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो, पलामू जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, इदरीश हवारी, पूर्व पार्षद सुनील कुमार चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम आदि मौजूद थे।

## सतबरवा में दोगुने दाम पर बेची गयी यूरिया खाद



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिछले कुछ दिनों से यूरिया (खाद) नहीं मिलने से किसान परेशान थे, लेकिन जैसे ही शनिवार को किसानों को पता चला कि खाद बीज भंडार के सभी दुकानों पर यूरिया खाद आ गया है। दुकान पर किसानों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी। लेकिन दुकानदार भी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाने में पीछे नहीं रहे और 300 रुपये बिकने वाला बोरा 600 में किसानों को बेचा गया। किसान मित्र इंदर सिंह ने आजाद सिपाही को फोन कर जानकारी दी की यूरिया खाद किसानों को दुगने दामों पर बेचा जा रहा है। वहीं, दुलसुलमा निवासी किसान अनिल सिंह ने बताया कि 600 रुपये बोरा खाद रांची रोड पर सीमेंट दुकान के बगल में एक दुकान से खरीद कर ला रहे हैं। जबकि दुकानदार पंकज कुमार ने बताया कि सभी दुकानदार को खाद उपलब्ध कराया गया है। किसी को 40 बोरा तो किसी को 60 बोरा दिया गया है।

## विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से संचालित 'संकल्प' कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र कल्याण पर केंद्रित योजना के तहत दो से 12 सितंबर तक चलने वाले 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गयी है। इसके तहत महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त बनाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। वरीय महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा, प्रेमलता कुजूर, कांति देवी आदि ने अभियान के क्रम में शनिवार को हुसैनाबाद बाल विकास परियोजना सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्र प्रायोजित योजनाओं की गहन जानकारी दी। विशेष जागरूकता अभियान के तहत अपार आईडी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया, जिसके तहत तीन से छह वर्ष तक के बच्चों का अपार आईडी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके जरिए बच्चों को आंगनबाड़ी सेवाओं से जोड़ने, पोषण ट्रैकिंग करने और शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सेविकाओं को यह भी बताया गया कि योजनाओं की सही जानकारी और नामांकन प्रक्रिया गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी अहम जिम्मेदारी है।

## शीशम की लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त चालक गिरफ्तार

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के रेहला पुलिस ने शुक्रवार की देर रात चालक सहित एक ट्रैक्टर जब्त किया है। जिसपर शीशम की अवैध लकड़ी लदी थी। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर शीशम की अवैध लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। साथ ही वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33, 42 एवं बीएनएस की धारा 317 (2) के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। जबकि ट्रैक्टर चालक अजय राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शिक्षक दिवस मना

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल चेराबार में शुक्रवार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य विवेक त्रिपाठी एवं सभी शिक्षकों ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। इस दौरान शिक्षकों एवं बच्चों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विवेक त्रिपाठी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया।

## चोरी की बैटरी बरामद करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

### पुलिस कर्मियों से हाथापाई-वर्दी फाड़ी, पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


पुलिस पर हमला करने के आरोप में पकड़े गये आरोपित।

**हरिहरगंज/पलामू।** चोरी की बैटरी बेचने की गुप्त सूचना पाकर हरिहरगंज शहर के मेन रोड स्थित जय गुरुदेव बैटरी दुकान में छापामारी करने पहुंची हरिहरगंज और छतरपुर थाने की संयुक्त पुलिस पर वहां मौजूद लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की गई और उनकी वर्दी भी फाड़ दी गई। पुलिस की मानें तो छापामारी के दौरान हरिहरगंज थाना के सब-इंस्पेक्टर सौरभ कुमार और जवान निरंजन कुमार की वर्दी फाड़ दी गई, जबकि जवान राजकुमार यादव के साथ मारपीट की गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हरिहरगंज थाना में कांड संख्या 109/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। उनकी पहचान शिवनाथ विश्वकर्मा (दुकान संचालक), राकेश विश्वकर्मा, कमलदीप विश्वकर्मा, कुलदीप कुमार और रमेश कुमार के रूप में हुई है। इनके खिलाफ पुलिस पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा डालने और उपद्रव फैलाने जैसे मामला दर्ज करते हुए शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि छतरपुर थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले बड़ी मात्रा में बैटरी चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी निवासी वीरेंद्र सिंह के पुत्र अनिल सिंह को गिरफ्तार किया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस जय गुरुदेव बैटरी दुकान पर छापामारी करने पहुंची थी। तभी आरोपियों ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। पुलिस कर्मियों के साथ न केवल बदसलूकी की, बल्कि एनएच-139 मुख्य मार्ग को भी जाम कर दिया। उपद्रव के चलते लगभग तीन घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 15 लीटर लावारिस देशी शराब बरामद

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जपला के निरीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान हैदरनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर एक लाल काला रंग के कपड़ा का झोला लावारिस हालत में पड़ा मिला। वहां मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने मालिकाना हक नहीं जताया। बाद में उसकी जांच की गयी, तो उसमें से 50 टनाका देशी शराब बरामद हुआ। सहायक उप निरीक्षक जेपी यादव ने सभी को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ जपला पोस्ट लाया। जहां से कानूनी कार्यवाही के लिए डालटनगंज उत्पाद अधीक्षक को अग्रसारित किया गया। इस बाबत आरपीएफ जपला प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि अभियान में सहायक उप निरीक्षक जेपी यादव, प्रधान आरक्षी एसके राय एवं प्रधान आरक्षी एस कुल्लू शामिल थे।

## मुठभेड़ में शहीद जवानों के परिजनों से मिले भाजपा नेता, बधांया ढांढस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में बुधवार की रात नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हुए हैदरनगर निवासी पलामू पुलिस बल के जवान सुनील राम और संतन मेहता के परिजनों से शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। वारिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह ने कहा कि एक शहीद केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि वह राष्ट्रीय गौरव और सामूहिक बलिदान का प्रतीक होता है। वहीं, जिला मंत्री सोमेश सिंह ने शहीदों के परिवारों के साथ भाजपा की एकजुटता दोहराते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे वीर आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें और उनके परिवारों को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद पांडे, सीवी रमन सिंह, संजय सिंह, सुधीर सिंह, विमलेश सिंह और देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री ने किया चैनपुर प्रखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण

## अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास की किरण पहुंचाने का लक्ष्य: स्मिता आनंद

- जन चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं
- कहा : समय खत्म हो जाएगा, लेकिन सांसद के विकास कार्यों की गिनती खत्म नहीं होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान जन चौपाल लगाकर न सिर्फ लोगों की समस्याओं को सुनी, बल्कि समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई से भी अवगत हुईं। बतातें चलें कि स्मिता ने कार्यक्रम की शुरूआत शाहपुर स्थित विवेकानंद चौक से स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। इसी क्रम में बसरिया एवं चांदो बाजार में भ्रमण के दौरान लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं, आदिम जन-जाति बहुल बरिया पंचायत के अलखडीहा उरांव टोला में पहुंचते ही आदिवासी लोगों ने पारंपरिक तरीके से अनूठे रीति-रिवाजों के तहत मांदर की धुन पर नृत्य-गायन कर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद जन चौपाल लगाकर उन्होंने लोगों की बातों, सूझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों की मांग पर बसरिया ग्राम में उन्होंने पीने के पानी के लिए तीन चापानल लगवाने की घोषणा की। कहा कि किसी को पलामू संसदीय क्षेत्र में पेयजल की कोई समस्या ना हो यह सुनिश्चत करने का लक्ष्य सांसद वीडी राम राम ने रखा है। कहा कि वैसा व्यक्ति जो आवास लेने की अर्हता रखता है पर अभी तक आवास से वंचित है उसे प्रधानमंत्री आवास योजना से अच्छादित करना भी पलामू सांसद का लक्ष्य है। कहा कि जरूरतमंद लोग जो आवास लेने की अर्हता रखते हैं वह अपना नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में डलवाने के लिए मुखिया, सरपंच, समाज सेवी, स्वयंसेवक, सांसद प्रतिनिधि या खुद भी आकर आवेदन दे सकते हैं, उनका नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में जुड़ जाएगा। स्मिता आनंद ने कहा कि सांसद जी के विकासात्मक कार्यों को गिनावाना शुरू किया, तो पूरा दिन छोटी पड़ जाएगा। पर गिनती खत्म नहीं होगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, मुखिया नितीश सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मनोरंजन दुबे, समाजसेवी राकेश जयसवाल, राजकुमार वर्मा, हिमांशु पांडेय, राजेश चंद्रवंशी, सुदेश्वर चौधरी, सुधीर प्रजापति, राजू पासवान, गोरख सिंह, मनोज सिंह और प्रमोद उरांव आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना बाबा गणिनाथ गोविंद का 80वां वार्षिकोत्सव



**देवघर (आजाद सिपाही)।** संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ गोविंद जी की 80वीं जयंती का वार्षिकोत्सव शनिवार को काली मंडा रोड स्थित श्रीश्री 108 बाबा गणिनाथ मंदिर में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। देर शाम तक चले कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। झंडोत्तोलन और पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मध्य देशीय कानुजिया समाज के लोगों ने अपने कुल देवता की विधिवत पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान वैश्य समाज की सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने पूजा में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम और छात्र सम्मान के बाद शहर के कुंडू बंगाल रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं, विकास म्यूजिक ग्रुप ने भजन संध्या में समा बांध दिया। जिसकी शुरूआत पश्चिम बंगाल के कोलकाता से आई मशहूर भजन गायिका सोनी श्रीवास्तव ने गणपति भजन से की। वहीं, धनबाद से आए सरोज कुमार लखा ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों का दिल जीत लिया। दूसरी ओर, कोलकाता से आई आकर्षक राधा-कृष्ण झांकी की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह भी शामिल हुए। इसके अलावा, बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष सोनू गुप्ता, उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, सचिव विशाल शरण, उपसचिव राजा गुप्ता, कोषाध्यक्ष अंकित शरण, रवि गुप्ता, संतोष शरण, संजय शरण, अमिताभ गुप्ता, उत्तम शाह, सुरेश शाह, मीडिया प्रभारी संदीप गुप्ता, पप्पू शरण और सुरेश गुप्ता आदि का मुख्य योगदान रहा।

## बाबा बैद्यनाथ मंदिर में अनंत चतुर्दशी पर जलार्पण के लिए लगी लंबी कतार



**देवघर (आजाद सिपाही)।** अनंत चतुर्दशी को लेकर शनिवार को देवघर के बाबा बैजनाथ मंदिर में भारी भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालु अनंत भगवान की कथा का श्रवण किये और अनंत डोरा भी बांधा गया। मंदिर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि देवघर में अनंत चतुर्दशी मेला काफी पुराना है। यहां भारी संख्या में भक्त अनंत भगवान की कथा सुनते और पूजा-अर्चना करते हैं। देवघर को भगवान विष्णु और भगवान भोलेनाथ का मिलन स्थल भी माना जाता है, इसलिए यहां हरिहर मिलन भी होता है। मान्यता है कि देवघर मंदिर परिसर में अगर कथा श्रवण करते हैं तो उसका फल 100 गुना अधिक मिलता है, यही वजह है कि स्थानीय लोग भारी संख्या में अनंत चतुर्दशी की कथा श्रवण कर अनंत डोरा बढ़ रहे हैं। स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज और पंडित अशोक कुमार पांडे ने बताया कि अनंत चतुर्दशी का दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है और इस दिन कथा श्रवण और अनंत डोरा बांधने से विशेष फल मिलता है।

## जनता दरबार लगाकर अपर समाहर्ता ने सुनी समस्याएं, कई का मौके पर ही हुआ निष्पादन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार आयोजित हुआ। इस दौरान जिलास्तर के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। इस पर अपर समाहर्ता ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी और आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## देवघर में गणपति विसर्जन की विशेष व्यवस्था



**देवघर (आजाद सिपाही)।** धर्म और अध्यात्म की नगरी देवघर में इस बार गणपति विसर्जन के लिए गजानंद समाज ने विशेष व्यवस्था की है। गणपति मूर्ति का विसर्जन देवघर से 1265 किलोमीटर दूर हरिद्वार में किया जाएगा। इसे लेकर गजानंद समाज की ओर से देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पहले गणपति मूर्ति का भ्रमण कराया गया। इसके बाद एयरपोर्ट से हवाई जहाज के माध्यम से सभी लोग गणपति को दिल्ली लेकर जाएंगे, जहां से कनेक्टिंग फ्लाइट लेकर देहरादून और वहां से हरिद्वार जाकर भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन करेंगे। इससे पहले ढोल, बाजे और नगाड़े के साथ भव्य विसर्जन रैली निकाली गई, जो देवघर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए देवघर एयरपोर्ट पहुंचेगी। वहां से दिल्ली के लिए गणपति के साथ समिति के सभी सदस्य उड़ान भरेंगे। गजानंद समाज के सदस्य सोम भारद्वाज ने बताया कि गणपति विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर गणपति मूर्ति का विसर्जन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गणपति मूर्ति को देवघर से हरिद्वार तक ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## कार्तिक उरांव कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पुत्र घायल

गुमला(आजाद सिपाही)। गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से बरपाठ गुरदरी निवासी 30 वर्षीय अजय चोराठ की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका 5 वर्ष का पुत्र आयुष चोराठ घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की शाम 7 बजे पिता पुत्र गणेशपुर डीपा एक रिश्तेदार के यहां गये थे। जहां से दोनों पैदल ही घर वापस लौट रहे थे। तभी कार्तिक उरांव कॉलेज के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन दोनों को टक्कर मार दिया। घटना में पुत्र को हल्की चोट लगी जबकि पिता सड़क पर गिर गया। वाहन घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर पिता को मृत्य घोषित कर दिया जबकि पुत्र को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। अजय अपने परिवार के साथ संत अन्ना स्कूल पुग्गू के समीप किराये के मकान में रहता था।

# सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत, ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर एनएच किया जाम



मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम करते ग्रामीण।

**घटना में एक छात्र मुर्शीद घायल है जिसका सर और पैर की हड्डी टूट गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो/गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के नवा टोली नहर के समीप सुबह लगभग 6:30 बजे के बीच 709 वाहन ने हांठू मदरसा में पढ़ने वाले दो छात्र फरहान मिरदाहा उम्र 12 वर्ष पिता जुल्फान मिरदाहा और मुर्शिद मिरदाहा 13 वर्ष पिता जसीद मीरदाहा दोनों ग्राम सूपा 1 निवासी को बुरी तरह कुचल दिया। दोनों बच्चे सड़क के किनारे चल रहे थे। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि फरहान मिरदाहा 12 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और मुर्शीद मिरदाहा 13 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसमें उसके सर एवं पैर की हड्डी टूट गयी है। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने मुआवजा एवं गाड़ी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली, समाजसेवी मंजूर आलम, गुलाम नबी फरास, मुख़्तार आलम, अफरोज खान की अगुवाई में सैकड़ो लोगो ने ब्लॉक चौक को जाम कर दिया। जिसकी वजह से 4 घंटे तक गुमला रांची मार्ग में आवागमन बाधित रही। घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति दलबल के साथ पहुंचे और स्थिति से अवगत होकर अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दी गयी। इस दौरान ग्रामीण और पदाधिकारी के बीच में तिखी बहस भी हुई, और लोग अनुमंडल पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। मिजोरम पदाधिकारी ने लोगों को समझा बूझकर जाम को खुलवाया।

### विधायक ने एनएचआइ के पीडी और सड़क निर्माता कंपनी आरकेडी के कर्मचारी को जमकर लगायी फटकार

रांची गुमला मुख्य मार्ग सड़क चौड़ी करण का कार्य प्रगति पर है जो कि अभी पूर्ण नहीं हुआ है और प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में लोग जान गवां हैं। काम में कई अनियमियत्ता भी है जिसके वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस दौरान दुर्घटना से बच्चे की मौत की सूचना मिलने पर सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो भी पहुंचे। और उन्होंने एनएचआई डायरेक्टर एवं सड़क निर्माता कंपनी आरकेडी के पदाधिकारियों की जमकर क्लास लगायी। मृतक के परिवार एवं घायल बच्चे को 24 घंटे में मुआवजा देने की मांग की और मुआवजा नहीं देने पर ग्रामीणों के साथ सड़क पर विरोध करने का ऐलान कर दिया। इस दौरान लोगों ने बतलाया कि विधायक को रांची गुमला मूर्ख मार्ग में जुरा, दुम्बो मंदिर कुसुमबाहा बाजार, नवटोली पुल के समीप प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों की जान जा रही है। इस पर विधायक बरस पड़े और सड़क निर्माण कंपनी आरकेडी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचआई को जमकर फटकार लगाया। उन्होंने सड़क सुरक्षा की बात को उठाया तथा सीसीटीवी कैमरा ब्लैक स्पॉट जोन घोषित करने और सुरक्षा बोर्ड लगाने संबंधित सड़क पर लाइट लगाने का निर्देश दिया।

# नर्सिंग कौशल कॉलेज में मना शिक्षक दिवस, सीएस-डीएस रहे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** सदर अस्पताल परिसर में स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी उपाधीक्षक अनुपम किशोर थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से की गई जिसमें कॉलेज के छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने कई आकर्षक गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। वही मोबाइल फोन को लेकर नाच गान के माध्यम से वर्तमान परिपेक्ष में मोबाइल का महत्व और उसकी उपयोगिता पर जबरदस्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी ने कहा नर्सिंग कौशल कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राएं काफी लगन और मेहनत के साथ अपना काम कर रही है। छात्राएं अलग-अलग स्थानों से आकर यहां रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करती है। बताया कि पूर्व में नर्स को लोग हीन भावना से देखते थे लेकिन वर्तमान समय में नर्सों की भूमिका सर्वोपरि है। हाल में हुए कॉविड -19 में नर्सों ने जिस स्तर पर महामारी का मुकाबला किया साहस कठिन परिश्रम और धैर्य से लोगों की सेवा की वह काबिले तारीफ है। अब लोग उन्हें स्वास्थ परी कहते हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर ने कहा नर्सों का कार्य बहुत ही जटिल और संवेदनशील होता है लोगों के ताने भी सुनने पड़ते हैं इसलिए उन्हें अपने कार्य के प्रति लगन और विश्वास होना चाहिए। प्रशिक्षण केंद्र में अच्छी व्यवस्था और साफ सफाई देखकर सिविल सर्जन काफी प्रशंसा किए। मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल मिर्जा केरकेट्टा,शिक्षिका दिव्या कुमारी, पूजा तांडी, संध्या कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, सात मासूम हुए अनाथ-अब कौन बनेगा सहारा?

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के देवाकी मोड़ के समीप बीती शुक्रवार की रात हुए सड़क हादसे में नवाडीह ग्राम निवासी प्रकाश उरांव की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को बरामद कर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। यह हादसा न केवल एक परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए गहरा सदमा है। प्रकाश अपने पीछे सात बच्चों को बेसहारा छोड़ गये हैं। जिसमें सोनाली कुमारी, रूपाली कुमारी, रूपा कुमारी, सोना कुमारी, रूही कुमारी, एंजल कुमारी, मिलन उरांव है। सबसे बड़ी बेटी 11 वर्ष की है और सबसे छोटा बेटा 3 वर्ष का है। दो वर्ष पूर्व उनकी पत्नी दो बच्चों को लेकर घर छोड़कर चली गयी थी, जिसका अब तक कोई पता नहीं चला। तब से सभी बच्चों का पूरा सहारा केवल उनके पिता थे। मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण चलता था, लेकिन अब उनकी मौत ने मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया भी छीन लिया। घर की स्थिति इतनी दयनीय है कि बच्चों के पास खाने के लिए एक मुट्ठी चावल तक नहीं बचा है। करमा पर्व के मौके पर प्रकाश ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सभी बच्चों के लिए कपड़े खरीदे थे और घर खर्च चलाने के लिए बड़ी बेटी सोनाली कुमारी को 500 रुपये दिये थे। सोनाली उसी पैसे से राशन लायी थी, लेकिन अब वह पैसा भी खत्म हो चुका है। बच्चे आज पूरी तरह असहाय हो गये हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और समाज आगे नहीं आया तो इन मासूमों का जीवन संकट में पड़ जायेगा।

## आवासीय विद्यालय में गणपति उत्सव मना



बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में गणपति उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद द्वारा बनाये गये भगवान गणपति की प्रतिमा को श्री गणेश चतुर्थी के दिन पूरे विधि विधान से विद्यालय में वंदना स्थल पर स्थापित किया गया था। दस दिनों तक चले इस गणपति उत्सव में विद्यालय के शिक्षक रंजन कुमार पांडेय ने पुरोहित तो संदीप कुमार पंडित ने यजमान के रूप में अपनी सेवाएं दीं। स्थापना और विसर्जन के दिन सूरज कुमार प्रसाद ने अपने हाथों से छप्पन भोग बनाकर चढ़ाया। वहीं प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने हर दिन भोग की व्यवस्था की। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि गणपति जी से हम सबने विद्यालय में अध्ययन कर रहे बच्चों के मंगल की कामना की है।

## बकरी चराने के क्रम में पहाड़ से गिरने से महिला घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र के सुरसा गांव निवासी 40 वर्षीय महिला मंगरिता बा बकरी चराने के क्रम में पैर फिसलने से पहाड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना शुक्रवार की शाम की है शुक्रवार की देर रात 11 बजे घायल महिला को टेंपो से सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## डोमिनार बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर 9 वीं कक्षा के छात्र ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के करौंदा पंचायत के एक गांव निवासी 18 वर्षीय छात्र ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन शुक्रवार की रात 10:30 बजे उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्र शहर के संत पात्रिक स्कूल में पढ़ाई करता है। उसके पिता किसान है और छोटा-मोटा व्यवसायिक काम कर अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। छात्र की मां ने बताया कि तीन दिन पूर्व फुटबॉल मैच खेलने जाने के लिए वह अपने पिता से बाइक की मांग कर रहा था। पिता द्वारा मना करने पर वह नाराज हो गया और 3 दिन बाद धान में लगे कीड़ा को मारने वाला कीटनाशक खा लिया। कुछ लोगों ने बताया कि छात्र अपने घर वालों से डोमिनार बाइक की मांग कर रहा था। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददता



**जारी।** जारी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में शनिवार को आरसीप्रावितोगो में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं संत पियुस जनता उच्च वि.भिखमपुर, आर.सी.बालक मध्य वि.भिखमपुर, आर सीबालिका म.वि.भिखमपुर मे संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस मनाया गया। सबसे पहले दोनों विद्यालयों मे मिस्सा अनुष्ठान किया गया, जिसमें संत पियुस जनता उच्च वि. में मुख्य अधिष्ठाता फादर ग्रेगोरी कुल्लू एवं आरसीप्रावि तोगो के मुख्य अधिष्ठाता फादर निरंजन एक्का रहे सहयोगी के रूप मे फादर फादर प्रदीप एक्का, फा प्रेम प्रकाश इंदवार फा. संदीप फादर लौरेन्स टोप्पो फादर अमृत ने निभाया। दोनों जगह एचम एवं सहयोगी शिक्षकों के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यर्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत शुभारंभ किया गया।

# भ्रष्टाचार विरोधी मंच की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच के सदस्यों की बैठक घाघरा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बसंत उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की भ्रष्ट नीति के कारण ब्लॉक व अन्य सरकारी दफ्तर खरीद बिक्री का दुकान बनी हुई है, जहां आम जनता को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है बल्कि गरीबों को अबुआ आवास जैसे योजना खरीदना पड़ रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है तो प्रखंड के गांव-गांव में इस लूट व कमीशन खोरी के विरुद्ध उठ खड़ा होना होगा और शुरू की जा रही आंदोलन में आम जनता से हजारों की संख्या में भागीदारी निभाने की अपील की है।

वहीं बैठक में घाघरा बैंक आफ इंडिया में खाता धारकों को हो रही भारी परेशानी को देखते हुए इस समस्या का समाधान को लेकर 8 सितंबर 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने, घाघरा ब्लॉक में फैले भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचार के कारण आम जनता की लंबित काम को एकत्रित कर तथा मनरेगा व 15वीं वित्त आयोग की योजना में हो रही बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार संबंधी दी गयी। मांगों पर हुई कार्रवाई के बाबत जवाब लेने को लेकर 16 सितंबर 2025 को घाघरा ब्लॉक के समक्ष धरना प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरूआत करने, सितंबर माह में भ्रष्टाचार विरोधी मंच का विस्तार कर प्रखंड टीम का गठन करने के अलावे कई निर्णय लिये गये हैं। बैठक में शिव प्रसाद साहू, संतु मिश्रा, बसंत बड़ाईक, धर्मपाल उरांव, शंकर उरांव, राजू सिंह, जीवन भगत, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को झारखंड सरकार की उन्नति का पहिया योजना के तहत प्रखंड के अंकुरी, आवंरा टोली, ओरया, चटकपुर, चीपरी, सहित विभिन्न विद्यालयों के वर्ग 8वीं के 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि सरकार आपकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साइकिल मिलने से आपको विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और आपकी उपस्थिति बढ़ेगी। उन्होंने आप सभी छात्र-छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय आएं और अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि एक दिन आप अपने करियर बना सकें और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें।

प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के लिए 710 साइकिल आवंटित किए गये हैं और लगभग 580 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, शिक्षक बालेश्वर उरांव, ब्रह्मदेव उरांव, रोजालिया लकड़ा, छोटया उरांव सहित लाभार्थी छात्र उपस्थित थे।

# संघठन में सशक्त और संघर्षशील नेता चुनें : रघु शर्मा

**गुमला में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी तेज**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत गुमला जिला में शनिवार को स्थानीय परिसदन में एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इसमें ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ. रघु शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह गुमला जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव तथा झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, सांसद व विधायक प्रत्याशियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों तथा अग्रिम संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से अलग-अलग विमर्श किया।

बैठक का मुख्य एजेंडा नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष का चयन और संगठन को सुदृढ़ बनाना रहा। इस अवसर पर डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि संगठन सृजन राहुल गांधी का सपना है। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि जिला स्तर पर ऐसा नेतृत्व सामने आए, जो संगठन को मजबूत करे और जमीनी स्तर पर हर कार्यकर्ता की आवाज बने। उन्होंने बताया कि गुजरात से इस प्रक्रिया की शुरूआत हुई थी और अब चार राज्यों में यह अभियान चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी माह गुमला का नया जिला अध्यक्ष चुन लिया जायेगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि पहले जिला अध्यक्ष का चयन बिना रायशुमारी के कर दिया जाता था, जिससे कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनती थी। लेकिन अब हर कार्यकर्ता की राय को महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में वोट चोरी का सवाल भी सामने आता है। ऐसे में बीएलओ और बीएलए की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। यदि अध्यक्ष मजबूत होगा तो संगठन की पकड़ बूथ स्तर तक मजबूत होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सशक्त और संघर्षशील नेता को चुनें।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बैठक में कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी के भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट संदेश है कि संगठन को परिवार की तरह खड़ा किया जाये। परिवार जितना मजबूत होगा, समाज में उसकी उतनी ही पहचान होगी। गुमला जिला कांग्रेस को ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो हर वर्ग और हर प्रखंड में कार्यकर्ताओं को जोड़ सके। पार्टी की रीढ़ बूथ स्तर का कार्यकर्ता है और संगठन सृजन का यही लक्ष्य है कि हर बूथ तक कांग्रेस की पकड़ बने।

प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास संघर्षों से भरा है। गांधी परिवार पर हमेशा प्रहार होते रहे, लेकिन उन्होंने हर कठिनाई को स्वीकार किया। ऐसे में गुमला में भी ऐसा नेतृत्व चाहिए जो संघर्ष झेलते हुए आगे बढ़ सके और संगठन को मजबूती दे।

बैठक में जिला अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदारों के नामों पर चर्चा हुई। बैठक में दीपनारायण उरांव, रोशन बरवा, राजनील तिग्गा, फिरोज आलम, तरुण गोप, मीडिया चैयरमैन आरिफ हुसैन अख्तर, बॉबी भगत, अकील रहमान, इकरामुल हक आशिक अंसारी, सैय्यद खालिद, प्रीति कुमारी, आजाद अंसारी, प्रदीप सोरेंग, भुनेश्वर राम, अजित केरकेट्टा, भूषण सिंह, कालीचरण मुंडा, अरुण पांडेय, राजू टोप्पो, मुख़्तार आलम, गुलाम सरवर, बैबुल अंसारी, विकास साहू, संगीता जायसवाल, बसंत गुप्ता, विकास गुप्ता, पतित पावन, गंगा उरांव, महेश कुजूर, इस्माइल कुजूर, मनसूब अनसारी, रामनिवास प्रसाद, जश्मीन लुगुन और लालमोहन साहू प्रमुख हैं।

### सभी वर्गों का सम्मान करने वाला और सभी को साथ लेकर चलने वाला ही जिलाध्यक्ष बनेगा : डॉ. रघु शमा

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को नयी धार देने और जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत जिला इकाइयों में नई संरचना गढ़ने का काम जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर एवं पूर्व सांसद डॉ. रघु शर्मा ने स्थानीय परिसदन में प्रेस वार्ता कर चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह केवल जिलाध्यक्ष बदलने का अभियान नहीं है, बल्कि संगठन के व्यापक पुनर्गठन और उसे सशक्त बनाने की एक ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का चयन सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, सांसदों, विधानसभा प्रत्याशियों और अग्रिम संगठनों से राय लेकर किया जायेगा। जिस नाम पर अधिक सहमति बनेगी, उन्हीं छह नामों की सूची आलाकमान को सौंपी जायेगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि अगड़े से लेकर पिछड़े तक सभी वर्गों का सम्मान करने वाला और सभी को साथ लेकर चलने वाला ही जिलाध्यक्ष बनेगा। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव, झारखंड आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, महासचिव फिरोज आलम, सचिव तरुण गोप और मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अवैध यूरिया खाद लदा पीकअप वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, पिकअप वाहन जब्त

**गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस गस्ती दल द्वारा की गई कार्रवाई, प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडई ने दर्ज कराई प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** यूरिया खाद की कालाबाजारी व अनियमितता को रोकने हेतु उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी गढ़वा दिनेश यादव से प्राप्त निर्देश के आलोक में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन की तत्परता से डंडई प्रखंड के सोनेहारा गांव में अवैध रूप से यूरिया खाद की ढुलाई का मामला उजागर हुआ। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस गश्ती दल ने पिकअप वाहन रजि. सं. BR11GE-3891 को जांच हेतु थाना परिसर लाया। जांच के क्रम में उक्त वाहन से 45 बोरा HURL कंपनी का यूरिया खाद बरामद किया गया। पुलिस गश्ती पदाधिकारी ने बताया कि वाहन चालक पुलिस को देखते ही तेजी से भाग निकला और रास्ते में ही वाहन को छोड़कर फरार हो गया।

फिलहाल वाहन को थाना परिसर में रखा गया है तथा जब्त खाद की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह संदेह व्यक्त किया गया है कि खाद की यह खेप अवैध बिक्री एवं कालाबाजारी के उद्देश्य से लाई जा रही थी। यूरिया खाद के संबंध में कोई भी वैध कागजात किसी के द्वारा अभी तक प्रस्तुत नही किया गया है। फलस्वरुप प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडई रमेश सिंह द्वारा उक्त जब्त वाहन पिकअप रजिस्ट्रेशन संख्या- इफ्ग1ऋश्र-3891 के विरुद्ध डंडई थाना में प्राथमिक दर्ज कराया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## नगदा खान हादसे की 19वीं बरसी पर मारे गये खनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि



**महुदा (आजाद सिपाही)।** नगदा कोलियरी हादसे की 19वीं बरसी पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। जहां छह सितंबर 2006 को मारे गये 50 खनिकों को याद कर सभी की आंखें नम हो गईं। शहीद बेदी पर पहुंचे परिजनों ने पुष्प अर्पित कर अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बीसीसीएल के अधिकारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन नेता, भाटडीह ओपी प्रभारी अनूप सिंह आदि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और यूनियन के नेताओं ने कहा कि यह दुर्घटना प्रबंधन की लापरवाही का परिणाम थी। कोलियरी में समुचित सुरक्षा इंतजाम नहीं थे, जिस कारण यह भीषण हादसा हुआ। वक्ताओं ने दोहराया कि यदि सुरक्षा के पर्याप्त उपाय होते, तो इतनी बड़ी जनहानि नहीं होती। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए खदानों में आधुनिक और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मारे गये खनिकों के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके परिवारजनों को हरसंभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया गया।

# बोकारो को मिला नया श्रम न्यायालय भवन

## हाइकोई के मुख्य न्यायाधीश ने किया नये भवन का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जिले में न्यायिक संरचना को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवनिर्मित श्रम न्यायालय भवन का उद्घाटन शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति आनंदा सेन, न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, बोकारो डीसी अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस कदम को न्यायिक ढांचे के विस्तार और आम लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



नये श्रम न्यायालय भवन के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य।

## बीओआइ के ललपनिया शाखा में मना 120वां स्थापना दिवस




**महुआटांड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) की 120वां स्थापना दिवस ललपनिया शाखा में हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे बैंक परिसर को फूलों से सजाया गया। इस दौरान बैंक परिवार की ओर से मौजूद सभी खाताधारकों को मिठाई खिलाई गई। बैंक प्रबंधक हरीश सिंह संधू ने अपने कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत चार लाभुकों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि चेक के माध्यम से दी। लाभुकों में रामगढ़ रोड निवासी मीनू देवी, कोदवाटांड़ निवासी ललिता देवी, कणडेर निवासी एजाज अंसारी और कसियाडीह निवासी सफेदा परवीन शामिल रहे। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक हरीश सिंह संधू ने बताया कि विगत एक वर्ष में हमने करीब 16 परिवारों को उपरोक्त राशि अपने बैंक के पदाधिकारी के नेतृत्व में दी है। उन्होंने मौके पर मौजूद खाताधारकों एवं ग्रामीणों को बताया कि इस योजना का लाभ हर खाताधारक उठा सकता है। उपरोक्त दोनों योजनाओं का लाभ लेने के लिए आप सभी बैंक में संपर्क कर क्रमशः 20 रुपया एवं 436 रुपया की बीमा योजना का फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने इसे भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को बताया। कहा कि इस योजना का लाभ पहुंचाना बीओआइ परिवार की प्राथमिकता रही है। मौके पर जितेश तिवारी, नरेंद्र मुर्मू, शालिनी सिंह, सदानंद पासवान, कंचन कुमार, रुपेश कुमार और गौरव कुमार झा आदि मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव को बोकारो में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी शनिवार को कुछ समय के लिए बीएस सिटी के सेक्टर वन स्थित बोकारो परिसदन में रुकी। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, एनडीसी प्रभाष दत्ता सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पूर्व डीडीसी ने गुलदस्ता देकर मुख्य सचिव का स्वागत किया। बाद में, उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट की गई। बतातें चलें कि मुख्य सचिव अपने दुमका यात्रा से वापस रांची जाने के क्रम में यहां कुछ समय के लिए रूकी थीं।

## खाटिया पर टांगकर अस्पताल ले जायी गयी गर्भवती महिला



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के नेताओं के विकास को यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था मुंह चिढ़ा रही है। यहां सुविधाओं का घोर अभाव, जर्जर सड़कें और सफेद हाथी की तरह रखे गये एंबुलेंस के अलावा एंबुलेंस सेवा देने वाले कर्मचारियों की हेकड़ी के आगे गरीब लोगों की परेशानी को चरम पर पहुंचा दिया है। इसका ताजा उदाहरण एक बार फिर गिरिडीह में देखने को मिला। यहां एक सप्ताह में दूसरी बार महिला को खाट पर टांगकर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड क्षेत्र की रहने वाली गर्भवती महिला तालको मरांडी को सड़क के अभाव में खाट पर टांगकर तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहीं एंबुलेंस से रील बनाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर लोगों की टिप्पणी आ रही है कि मरीजों को एंबुलेंस नहीं मिल पा रहा है। लेकिन रील्स के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस वीडियो को साझा कर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया है। गौरतलब हो कि इससे पहले सलगी सोरेन नामक महिला को खाट पर टांग कर अस्पताल पहुंचाया गया था।

## हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने खुद रक्तदान कर दिया प्रेरणादायी संदेश




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएलएसए) एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में न्याय सदन सभागार में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति आनंदा सेन, न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, बोकारो डीसी अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान एवं न्यायमूर्ति, झारखंड उच्च न्यायालय आनंदा सेन ने खुद रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। शिविर में बड़ी संख्या में न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं रक्तदातागण उपस्थित रहे। बोकारो रेडक्रॉस सोसायटी ने रक्त संग्रहण एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच की व्यवस्था की।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**रद्द पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 04/RE/2025-26 (2nd Call) Gr. No. 02 जिसका पी0आर0 संख्या–359486 है। अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा

PR 361218 (Rural Work Department)25-26*D


## प्रतिमा विसर्जन के साथ 10 दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव का हुआ समापन



**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** हिलरोड आर्ट क्लब की ओर से आयोजित 10 दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव का शनिवार की शाम भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के साथ समापन हुआ। इस दौरान बेसिक स्कूल परिसर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ रेलपार हाईस्कूल के समीप पोखरतल्ला बड़ी तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान मिहिजाम पुलिस मौजूद रही। विसर्जन जुलूस में शांतिपूर्ण और सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों का नेतृत्व थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे खुद कर रहे थे। इस मौके पर संदीप शर्मा, सुरेश राय, कमल गुप्ता, बालमुकुंद रविदास, शैलेंद्र यादव, बाबू गिरी, काजू शर्मा, सूरज पासवान, पप्पू यादव और बाबू सोनी आदि मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**

**R.F.P**
**Fact Sheet Second Call**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Re Tender District Planning Office, invites proposals for the Rate Contract from the agencies for setting up Groundnut Processing Unit in form of supply, install, onboarding and handholding of the operating body for the Groundnut FPC of Mahuadanr block of Latehar district. |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 06 / 09 /2025 |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 13 / 09 /2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 15 / 09 /2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 15 / 09 / 2025, 3:00 PM |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

*Table1: RFP Schedule*

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. **Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**
3. **"All bidders are requested to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."**

District Planning Officer
Latehar

PR 361183 Planning and Development (25-26)_D


## बीएसएल में नयी सीजर लिफ्ट का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र में हाल ही में खरीदी गई आधुनिक हाइड्रोलिक सीजर लिफ्ट मशीन का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (सीडी) शालिग्राम सिंह और मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी एवं फायर सर्विसेज) विपिन कृष्ण सरतापे ने किया। इस अवसर पर सीडी विभाग के महाप्रबंधक एके अविनाश, सहायक महाप्रबंधक ज्योति, पी मींज, मो काशिफ, गणेश कुमार और राहुल रंजन आदि उपस्थित थे। बतातें चलें कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग संयंत्र के भीतर विभिन्न रखरखाव कार्यों की जिम्मेदारी निभाता है, जिनमें ऊंचाई पर किए जाने वाले कार्य विशेष हैं। इमारतों का बाहरी नवीनीकरण, खिड़कियों एवं पाइप लाइनों की मरम्मत, छतों और स्तंभों में गनिटिंग कार्य और सड़क किनारे पेड़ों की टहनियों की छंटाई जैसे कार्य अब तक अस्थायी मचान के सहारे किए जाते थे, जो समय लेने वाले और कर्मियों की सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण थे। इन चुनौतियों को देखते हुए विभाग ने अत्याधुनिक हाइड्रोलिक सीजर लिफ्ट को अपने उपकरणों में शामिल किया है। यह लिफ्ट हाइड्रोलिक प्रणाली से संचालित होती है और ऊंचाई पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थिर एवं सुरक्षित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है।

## गोल संस्थान में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का सम्मान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में विगत 24 वर्षों से लगातार मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराते आ रही गोल संस्थान ने शुक्रवार को मेमको मोड़ स्थित गोल एम्पायर में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को माल्यार्पण कर शिक्षक दिवस को सैकड़ो छात्रों एवं शिक्षकों के साथ सेलिब्रेट करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि गोल के शिक्षक केवल विषय का ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिकता एवं भावनात्मक सहयोग भी देते हैं। वहीं, धनबाद केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि इस बार का शिक्षक दिवस इस मायने में भी खास है, कि अबतक के सबसे कठीन नीट परीक्षा में भी हमारे छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की। जबकि एक छोटे से जगह धनबाद से प्रति वर्ष अच्छी संख्या में छात्र मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। विदित हो कि गोल के 28 वर्षों के सफर में गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह के मार्गदर्शन में अब तक 18000 से ज्यादा छात्र डॉक्टर बनकर देश-विदेशों में सेवा देते रहे हैं। संजय सिंह ने बताया कि छात्रों की लगन, अभिभावकों का भरोसा एवं गोल के बहुत सारे रिजल्ट ओरिएंटेड एक्टिविटी का भी नतीजा है कि संस्थान के छात्र सफल ही नहीं, बल्कि टॉप रैंकर बन रहे हैं। इस दौरान संस्थान के एकेडेमिक एवं एडमीस्ट्रेटिव हेड दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने बताया कि हमें अपने सभी उपस्थित-अनुपस्थिति शिक्षकगण पर गर्व है, जो देश के विभिन्न हिस्सों से आकर यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। छात्रों ने भी अपने शिक्षकों के लिए केक काटा एवं उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार जगाया। समारोह को सफल बनाने में अरुण, सुनील, उमेश, पूजा, दिलीप और वसीम आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## जमीन अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग को लेकर सीओ से मुलाकात

**झरिया/बलियापुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की जिला अध्यक्ष उपाशी माहताईन के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को बलियापुर सीओ से मिला। इनके साथ हुई वार्ता में सीओ ने आसनबनी में जबरन भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने के संगठन की मांग पर भूमि अधिग्रहण संबंधित सभी कागजातों का अध्ययन एवं पूरी जानकारी भुक्तभोगियों से हासिल की। साथ ही जल्द ही इस संबंध में सेल प्रबंधन, प्रशासन एवं जमीन मालिक किसानों से वार्ता कर समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया। कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी हुई है तो कार्रवाई अवश्य होगी।**

## बदलते परिदृश्य में सीआइएसएफ के समक्ष कई चुनौतियां : महानिरीक्षक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (पूर्वी खंड मुख्यालय, रांची) के महानिरीक्षक संजय कुमार ने दो दिवसीय सीआइएसएफ इकाई बीएसएल, बोकारो के वार्षिक निरीक्षण के दौरान शुक्रवार एवं शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि शाखा के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में संयंत्र प्रबंधन के साथ विस्तृत बैठक हुई। इस दौरान सीआइएसएफ बीएसएल बोकारो की उपमहानिरीक्षक नीति मित्तल सहित वरिष्ठ कमाण्डेंट एवं कमाण्डेंट भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में महानिरीक्षक ने कहा कि बदलते परिदृश्य में बल के सदस्यों का कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण है। इन परिस्थितियों में संयंत्र की सुरक्षा में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहती। इसी कारण बीएसएल प्रबंधन के विश्वास और अपेक्षाओं पर खरा उतरना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बदलते समय में सुरक्षा की नई-नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। जिनसे पेशेवर तरीके से निपटने की आवश्यकता है।

## नाला एवं यात्री शेड का विधायक ने किया उद्घाटन

# क्षेत्र के विकास के लिए उद्योग-धंधों से जुड़े लोगों को भी इलाकों में काम करवाने चाहिए : अरूप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** मेढ़ा पंचायत के मुंडाधौड़ा एवं पासवान टोला के मध्य में बने नाला और यात्री शेड का विधायक अरूप चटर्जी ने शनिवार को उद्घाटन किया। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक सहित अन्य अतिथियों को टिका लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने मैथन सिरामिक की ओर से सीएसआर मद से कार्य किये जाने की सराहना की। कहा की पिछले कुछ वर्षो से लगातार मैथन सिरामिक सरकारी स्कूल, बीएसके कॉलेज, स्ट्रीट लाइट, क्षेत्र से कचरा की सफाई, आई हॉस्पिटल आदि की व्यवस्था कर आम नागरिकों को लाभ पहुंचा रही है। कंपनी का काम भी काफी उच्च स्तर का है, जो सरकारी कामो में देखने को नहीं मिलता है। कहा कि आसपास के अन्य उद्योग धंधो से जुड़े लोगों को भी अपने-अपने क्षेत्र में सीएसआर मद से कार्य करने चाहिए, ताकि क्षेत्र का विकास और तेजी से हो सके। इस मौके पर लोगों ने विधायक के समक्ष पानी की समस्या को उठाया। जिसका उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया।




**उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(प्रारंभिक शिक्षा)**

**आवश्यक सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 में दिये गये निदेशानुसार विज्ञापन संख्या–13/2023 झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 के कक्षा (6 से 8 विषय–गणित एवं विज्ञान) में सफल एवं अनुशंसित 36 (छत्तीस) अभ्यर्थियों में से दिनांक 11.08.2025 की सम्पन्न काउंसिलिंग के आधार पर 20 अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा चुकी है। शेष 16 (सोलह) अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु दिनांक 10.09.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक स्थान **पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा** निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि/स्थान–**पी0एम0 श्री0 परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in प्राप्त की जा सकती है।** काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या **7004139394**, 9304636202 एवं 9934180305 से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त
–सह–
नोडल पदाधिकारी, कोडरमा

PR 361205 School Education and Literacy(25-26).D

### भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

## नेपाली पीएम ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोले आपका आपसी मामला, मिल कर सुलझाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**बीजिंग/काठमांडू।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इनकार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है। इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज करायी है। बता दें कि 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है।



### इस महीने भारत दौरे पर आयेंगे नेपाल पीएम

नेपाल के पीएम ओली 16 सितंबर को भारत दौरे पर आयेंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री रविवार 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्त्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा

## ट्रक ने श्रद्धालुओं को रौंदा 5 लोगों की मौके पर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में शनिवार दोपहर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। भेड़ोली आश्रम से लौट रहे श्रद्धालुओं पर एक तेज रफ्तार ट्रक चढ़ गया, जिससे पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**पैदल चल रहे श्रद्धालुओं पर चढ़ा ट्रक :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रद्धालु दर्शन कर लौटते हुए एक्सप्रेसवे पर पैदल ही चल रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने उन्हें रौंद डाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई शव क्षत-विक्षत हालत में मिले। मृतक सभी सवाई माधोपुर जिले के लालसोट क्षेत्र के चिमनपुरा के रहने वाले बताये जा रहे हैं।

**हादसे के बाद अफरातफरी, कई थानों की पुलिस पहुंची :** दुर्घटना होते ही हाइवे पर अफरातफरी मच गयी और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही मित्रपुरा, बौंली और लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**भेड़ोली आश्रम से लौटते समय हुआ हादसा :** यह हादसा भेड़ोली आश्रम से कुछ ही दूरी पर हुआ। श्रद्धालु वहां से लौट कर अपने गांव जा रहे थे। हादसे की गंभीरता देखते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात पर नियंत्रण पाया। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद गुस्सा जताते हुए कहा कि हाइवे पर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए सुरक्षित पैदल मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं है। तेज रफ्तार वाहन आये दिन हादसों का कारण बनते हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा उपायों को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

## बीसीसीआइ की वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में

### अध्यक्ष सहित सभी पदों के लिए होगा चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आइपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे।

इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है, जबकि इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य कूलिंग पीरियड में जाने की संभावना है।



**इनके पदों पर बने रहने की संभावना :** बीसीसीआइ सचिव देवजीत सैकिया ने अब तक लगभग तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इसमें वे दो साल तीन महीने तक संयुक्त सचिव और नौ महीने तक सचिव रह चुके हैं। ऐसे में उनका पद पर बने रहना लगभग तय माना जा रहा है। दरअसल, जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी जिनके पद पर बने रहने की संभावना है, उनमें रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया के नाम शामिल हैं। देसाई को इस साल मार्च में संयुक्त सचिव चुना गया था और भाटिया को जनवरी में सैकिया के साथ कोषाध्यक्ष बनाया गया था।

### हवा में अटकी 186 लोगों की सांस

## इंडिगो का विमान खराबी के बाद कोच्चि एयरपोर्ट पर लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडिगो के एक विमान में शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी देखने को मिली। फ्लाइट कोच्चि से अबू धाबी के लिए रवाना हुई थी, लेकिन दिक्कत के बाद इसे वापस कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया। इसके बाद यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से अबू धाबी के लिए रवाना किया गया।

बताया जा रहा है कि फ्लाइट में 180 से ज्यादा यात्री सवार थे। इसके अलावा 6 क्रू मेंबर भी फ्लाइट में मौजूद थे। प्लेन करीब दो घंटे तक हवा में थे। सूत्रों ने बताया कि फ्लाइट संख्या 6इ-1403 शुक्रवार की रात करीब 11.10 बजे कोच्चि से रवाना हुई।

**दो घंटे तक हवा में रही फ्लाइट :** दो घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट हवा में थी। तभी क्रू मेंबर्स को इसमें तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद शनिवार की रात 1.44 बजे फ्लाइट को कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया। ड्यूटी के घंटे पूरे होने के कारण फ्लाइट के क्रू मेंबर्स को भी बदला गया और नए दल के साथ दूसरी फ्लाइट को रवाना किया गया।



इंडिगो ने एक बयान में कहा कि 6 सितंबर 2025 को कोच्चि से अबू धाबी के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6इ 1403 में तकनीकी खराबी का पता चला। एहतियाती कदम उठाते हुए, पायलटों ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया और विमान कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराया गया और उन्हें दूसरी फ्लाइट से रात 3.30 बजे अबू धाबी रवाना किया गया। फ्लाइट का ऑपरेशन फिर से शुरू करने से पहले उसे मेंटेनेंस के लिए भेज दिया गया है।


## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्याः 21625 दिनांक - 06/09/2025 मैं, प्रेम कुमार पिता शिव महतो, उम्र लगभग 42 वर्ष, धर्म से हिन्दू, निवासी ग्राम कारीमाटी, डाकघर / थाना इचाक, जिला हजारीबाग (झारखंड) पिन कोड 825402, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता / करती हूँ और निम्नलिखित घोषणा करता / करती हूँः-

1. नेहा कुमारी मेरी पुत्री है जो मोंटफोर्ट, कैनरी हिल हजारीबाग में कक्षा दसवीं में पढ़ रही है, जिसका प्रवेश क्रमांक 935 / 19 है, जो मेरी उपरोक्त पुत्री का सही नाम है, जिसका उल्लेख सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों और एसबीआई एएमवाई नौवाडीह शाखा के बैंक खाते, खाता संख्या 40294102906 और योजना एवं विकास विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, जिसका पंजीकरण क्रमांक जेएचबीसी/ 2016/ 41877 दिनांक 15.08.2016 है, में किया गया है।
2. कि गलती के कारण उसका नाम उसके आधार संख्या 5473 1942 9767 में स्नेहलता के रूप में अंकित हो गया है।
3. कि मैं अपने उपरोक्त पुत्री का नाम आधार कार्ड में स्नेह लता के स्थान पर नेहा कुमारी के रूप में परिवर्तित करना चाहता हूँ।
4. कि आज से अर्थात् 06.9.2025 को मेरी उपरोक्त पुत्री का नाम नेहा कुमारी के रूप में जाना जाएगा।



## लाल किला परिसर से एक करोड़ के दो कलश चोरी

- सोने पर हीरे-पन्ने जड़े थे कलश पर, जैन समारोह की घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला परिसर में जैन धार्मिक आयोजन के दौरान दो स्वर्ण कलश चोरी हो गए। इसमें 1.5 करोड़ रुपये कीमत के आभूषण लगे थे। घटना बुधवार, 3 सितंबर की है। इसका सीसीटीवी शनिवार को सामने आया है। इसमें एक चोर जैन पुजारी के वेश में आया और कीमती सामान से भरा बैग लेकर चला गया।

पुलिस ने कहा है कि संदिग्ध की पहचान कर ली गयी है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एक स्वर्ण कलश पर लगभग 760 ग्राम सोने का नारियल लगा था। 115 ग्राम के दूसरे कलश पर हीरे, पन्ने और माणिक जड़े थे। इन्हें जैन धर्म में पवित्र माना जाता है और ये अनुष्ठानों में काम आते हैं।



लाल किला परिसर के पार्क में 15 अगस्त को 10 दिनों का धार्मिक आयोजन 'दशलक्षण महापर्व' आयोजित किया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, स्वर्ण कलश और कीमती सामान बिजनेसमैन सुधीर जैन के स्वामित्व में था। वे अनुष्ठानों के लिए हर दिन ये कीमती सामान लाते थे। पिछले बुधवार भी वे अनुष्ठान के लिए कलश लाये थे। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए थे। ओम बिरला के स्वागत की अफरातफरी के बीच कलश मंच से गायब हो गया।

### पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हुई बात

## सहयोग से लेकर यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धिता जाहिर की।



पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

**पिछले महीने भी हुई थी बात :** बता दें कि पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों के बीच बीते महीने की 21 तारीख को भी फोन पर बात हुई थी। तब दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया था। साथ ही राष्ट्रपति मैक्रों ने वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुई बैठकों के बारे में भी विचार साझा किए थे।

इस दौरान दोनों के बीच, व्यापार, रक्षा, असैन्य परमाणु सहयोग, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के क्षेत्रों समेत द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की गयी थी। उन्होंने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और 2026 को उचित तरीके से 'नवाचार वर्ष' के रूप में चिह्नित करने की संयुक्त प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की थी।

## उत्तराखंड में फिर फटा बादल, उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों-दुकानों में घुसा पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पट्टी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्सर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गयी है। कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गये हैं। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है, जो दो अगस्त को ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आइआइटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है, जो दो अगस्त को ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आइआइटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सासंदों का डिनर कैंसिल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितंबर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सासंदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।






## दीपोत्सव 2025 : 1000 से अधिक ड्रोन से होगा भव्य शो

### दुनिया देखेगी भारत की समृद्ध संस्कृति और नवीन तकनीक का अद्भुत मिलन : पर्यटन मंत्री


आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक आकर्षक एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जायेगा। रामनगरी के आसमान में 1,000 से अधिक रंग-बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म और आधुनिकता का मनोरम झलक प्रस्तुत करेंगे।



**पिछले वर्ष से भव्य दीपोत्सव की तैयारियां :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो दीपोत्सव की आध्यात्मिक भव्यता को और भी आकर्षक बनाएगा। पिछले वर्ष से भव्य दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 19 अक्टूबर 2025 को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित हो इस आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है।

**दीपोत्सव 2025 पर अयोध्या में खुलेगा भव्य वैक्स म्यूजियम :** वहीं इस बार अयोध्या में एक नया सांस्कृतिक आकर्षण जुड़ने जा रहा है। शहर के परिक्रमा पथ पर करीब 10,000 वर्गफीट क्षेत्रफल में तैयार हो रहा भव्य वैक्स म्यूजियम दीपोत्सव पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खोला जायेगा। लगभग 7.5 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह म्यूजियम अयोध्या को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का नया आयाम देगा। इस वैक्स म्यूजियम में रामायण के लगभग 50 प्रमुख पात्रों की मोम की प्रतिमाएँ लगायी जायेंगी। इनमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और अन्य पात्र शामिल होंगे। आधुनिक तकनीक और ऑडियो-वीडियो इफेक्ट्स के साथ ये प्रतिमाएँ आगंतुकों को रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत अनुभव करायेंगी।


VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**